# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष - 05 अंक - 56 बैकुंठपुर, रविवार 24 नवम्बर 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351

www.cgfrontline.com


## दक्षिण विधानसभा की जनता ने बताया विष्णु का सुशासन ही उनकी पहली पसंद: श्यामबिहारी जायसवाल

■ दक्षिण विधानसभा उपचुनाव प्रभारी श्री जायसवाल ने किया मंडल अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारीगण का आभार



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ ( एमसीबी )।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि रायपुर दक्षिण में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत और लगातार नौवीं बार वापसी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व,विष्णुदेव साय सरकार के कार्यों और भाजपा के प्रति जनता-जनार्दन के अगाध विश्वास का परिचायक बताया है। श्री जायसवाल ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने सोचा, शायद इस बार कुछ नई शिगूफेबाजी की जाए और उन्होंने जाति व धर्म के आधार पर समाज को बाँटने का शिगूफा उछाला था, लेकिन कांग्रेसी बदनीयती नहीं चल पाई। श्री जायसवाल ने कहा कि कानून-व्यवस्था के नाम पर मिथ्या प्रलाप कर प्रदेशभर में घूम रहे कांग्रेसियों का अब आपराधिक चेहरा लगातार बेनकाब हो रहा है। कांग्रेस अपराधियों को संरक्षण देकर प्रदेश में अराजकता की स्थिति पैदा करने का एजेंडा चला रही है, लेकिन कांग्रेसी अपने इस घृणित में मंसूबे कतई कामयाब नहीं हुए, रायपुर दक्षिण के चुनाव परिणाम ने यह एकदम साफ कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में यह प्रचंड जीत हजारों कार्यकर्ताओं की मेहनत के बलबूते मिली है वह सभी कार्यकर्ताओं, मंडल के अध्यक्षों, बूथ के अध्यक्षों, चुनाव के कार्यों में लगे हुए सभी पदाधिकारीगण का आभार व्यक्त करते हैं व उन्हें बधाई देते है। यह जीत इस बात की पुष्टि करती है कि कांग्रेस अब छत्तीसगढ़ में जनता के लिए अप्रासंगिक हो चुकी है पहले विधानसभा चुनाव में करारी हार, फिर लोकसभा चुनाव में एक बड़ी हार और अब उपचुनाव में भी कांग्रेस की प्रचंड हार हुई है कांग्रेस ने जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ को दोनों हाथों से लुटा,छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बनाने का काम किया भ्रष्टाचार के कीर्तमान रचे, प्रदेश की जनता ने उन्हें पूरी तरीके से उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है।

दक्षिण उप चुनाव में प्रभारी होने के नाते श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल मंत्री गण विधायक गण पदाधिकारीगण कार्यकर्ताओं का विशेष धन्यवाद दिया है।

## महाराष्ट्र व रायपुर में मिली ऐतिहासिक जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ ( एमसीबी )।** महाराष्ट्र में भाजपा की ऐतिहासिक जीत व रायपुर दक्षिण में उप चुनाव में रिकार्ड जीत के बाद शहर के गांधी चौक में भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को बधाई दी इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर अपनी खुशी का इजहार किया. हाल में संपन्न हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र में बड़ी जीत दर्ज की है।यह जीत भाजपा के संगठन, नेतृत्व, और चुनावी रणनीतियों की सफलता का प्रमाण है। इस मौके पर भाजपा नेता राम चरित द्विवेदी और पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने इसे जनता का विश्वास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा बताया है। श्री द्विवेदी ने कहा कि रायपुर दक्षिण की जीत के साथ ही भाजपा ने राज्य में आगामी चुनावों के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इन दोनों जीतों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले भर में जश्न मनाया। पार्टी कार्यालयों पर जमकर आतिशबाजी हुई। मिठाई बांटी गई और कार्यकर्ताओं ने इस जीत को जनता की जीत बताया।नेताओं ने इसे पार्टी की विचारधारा और कार्यप्रणाली पर जनता के विश्वास की पुष्टि के रूप में देखा। यह जीत भाजपा के लिए राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर दोनों पर महत्वपूर्ण है। यह जनता के बीच भाजपा के प्रभाव को भी उजागर करता है।इस अवसर पर जे के सिंह, धर्मेंद्र पटवा, सरजू यादव, सोहन सोनी, जयंती यादव, अपूर्वकर, कमल केजरीवाल, गीता पासी समेत पार्टी की कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।



## किसानों को दी गई मोदी की गारंटी के अनुरूप 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से ही हो रही है धान खरीदी: मुख्यमंत्री श्री साय

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे द्वारा दी गई मोदी की गारंटी के अनुरूप इस वर्ष भी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान के मान से ही धान खरीदी की जा रही है। किसानों को इस मामले को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों के माईक्रोएटीएम से 2000 रूपए से लेकर 10 हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा भी दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराये पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में अनवरत धान खरीदी का सिलसिला जारी है। 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक धान खरीदी अनुमानित है।

## जिला पंचायत कार्यालय में स्वच्छता श्रमदान सुघ्घर स्वच्छ कार्यालय बनाने की दिशा की ओर बढ़ते एक कदम

छ.ग.फ्रंटलाइन



**जशपुरनगर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत कलेक्टर रोहित व्यास की अभिनव पहल सुघ्घर कार्यालय स्वच्छ कार्यालय के तहत स्वच्छ श्रमदान का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा जिला पंचायत परिसर में सफाई के उद्देश्य से स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया, एवं सुघ्घर कार्यालय की परिकल्पना को साकार करने की पहल की शुरूआत कि गई। इस श्रमदान में कार्यालय जिला पंचायत के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यालय को स्वच्छ बनाने मे अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के समापन में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ लिया एवं भविष्य में कार्यालय को स्वच्छ बनाए रखने हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताई।

## बेसहारा वृद्ध जनक को वृद्धाश्रम बांकीटोली में मिला आश्रय

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जिले के बेसहारा जिना कोई घर द्वार नहीं है ऐसे वृद्धजनों का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। जशपुर में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के द्वारा जनक वृद्धाश्रम बांकीटोली जशपुर में संचालित किया जा रहा है। कार्यरत् सामाजिक कार्यकर्ता कु.जमनी यादव फिल्ड के माध्यम से ग्राम बड़ाटेम्पू मनोरा में निवासरत् बेसहारा वृद्ध श्री फौदा मिंज उम्र 65 वर्ष को इस कड़ाके की ठण्ड में बाहर निवास कर रहे थे।



जिसे जिले में संचालित वृद्धाश्रम उचित देखभाल संरक्षण के लिए वृद्धाश्रम में संरक्षण प्रदान किया गया है। निवासरत वृद्धजनों का देखरेख प्रबंधक कु. वंदना तिग्गा, गांगी बाई, मालती यादव, शुभन कुमार एवं पदमनी भगत की निगरानी में विशेष देखभाल किया जा रहा है।

अगर कोई वृद्ध महिला-पुरूष बाहर बेसहारा, घुमंतु भिक्षावृति करते दिखे व आश्रम में रहने को इच्छुक हो तो संपर्क नम्बर 7898817658 व 7804036672 में सूचना दे कर समाज सेवा कर सकतें है।

## अधिकारियों ने सीखे जल संरक्षण और संवर्धन के तरीके

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की उपस्थिति में जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को जिला प्रशासन एवं ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया टीआरआई के सहयोग से जिला पंचायत सभाकक्ष में जल एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित जल संसाधन विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, जनपद पंचायत, कृषि विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशुधन विभाग सहित सभी जल संरक्षण से जुड़े विभाग उपस्थित थे। इस अवसर पर ट्रांसफार्मिंग रूरल इंडिया टीआरआई के विषय विशेषज्ञों आशुतोष नंदा एवं पलाश अग्रवाल के द्वारा जल संवर्धन एवं संरक्षण पर चर्चा की गई। जिसमें जल संकट वाले क्षेत्रों में जल संवर्धन तथा सूखे की समस्या से निपटने के लिए जागरूकता, कम्युनिटी सर्विस, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, वृक्षारोपण, कन्टूर बंडलिंग, रन ऑफ वाटर को कम करना, डबरी निर्माण द्वारा संधारणीय कृषि, जल निकास पर नियंत्रण आदि के संबंध अपने अनुभव साझा किए। इसमें जल संरक्षण के लिए जल के साथ मृदा संरक्षण, वन संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण पर भी जोर दिया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जिले में जल और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर चर्चा करना था। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों को एक साथ मिलकर संपूर्णता के साथ योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए जल संरक्षण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जल के संरक्षण हेतु सरकार, समुदाय, किसानों, जनप्रतिनिधियों को साथ में लेकर जल प्रबंधन के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।

## खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु प्रति एकड़ खरीदी निर्धारण के संबंध में निर्देश जारी

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 मे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अंतर्गत् खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित की गई है। निर्देशानुसार खाद्य विभाग की धान खरीदी संबंधी साफ्टवेयर में किसानों से धान खरीदी नीति 18 अक्टूबर 2024 के अनुसार प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी किये जाने के संबंध में पूर्ण प्रावधान किये गये है। धान खरीदी अवधि के दौरान पंजीकृत किसान द्वारा उपरोक्तानुसार धान का विक्रय समर्थन मूल्य पर किया जा सकता है। धान खरीदी के संबंध में किसानों को किसी भी प्रकार की सहायता के लिए



निःशुल्क हेल्पलाइन नम्बर 1800-180-1551 जारी किया गया है।

## "आयुष्मान वय वंदना" का हुआ शुभारंभ

**जशपुरनगर।** देश के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभ दिये जाने हेतु "आयुष्मान वय वंदना" कार्ड के माध्यम से योजना का शुभारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप योजना के तहत जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों को योजना का लाभ दिया जाना है। पात्रता का आधार हितग्राही की आयु ही मात्र होगी, जिसे आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापित किया जायेगा। जिसमें आयुष्मान भारत में सम्मिलित अर्थात् राशन कार्ड में सूचीबद्ध एवं अन्य समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक पात्र होगे।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के समस्त वरिष्ठ नागरिकों से अपील किया गया है कि अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में बनवा लेवें। कार्ड बनाने हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड साथ लेकर आवें। आयुष्मान वयं वंदना कार्ड बनाने के लिए जिले के 11 चिकित्सालयों का चिन्हांकन किया गया है। इनमें जिला चिकित्सालय जशपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पैकु, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आस्ता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घाघरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कस्तुरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रनपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुजारा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बगिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोकड़ा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेलवा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तपकरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोल्हेनझरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतबा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबहार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तमता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरंगपानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्ना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छिछली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुलेसा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पडरापाठ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोदाम, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घोलेंग, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनक्यारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरायणपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बटाईकेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भगोरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केरसई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लुड़ेग, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शेखरपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरंगपानी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किलकिला, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरोंग व अन्य है।

## किसानों के सहायता के लिए निःशुल्क हेल्पलाईन नम्बर 1800-180-1551 जारी

**जशपुरनगर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 मे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अंतर्गत् खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित की गई है। निर्देशानुसार खाद्य विभाग की धान खरीदी संबंधी साफ्ट्वेयर में किसानों से धान खरीदी नीति 18 अक्टूबर 2024 के अनुसार प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी किये जाने के संबंध में पूर्ण प्रावधान किये गये है।

## अन्य राज्य की अवैध धान खपाने की कोशिश नाकाम 3654 बोरी अवैध धान जब्त

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ ( एमसीबी )।** अन्य राज्य की अवैध धान खपाने की कोशिश प्रशासन की सक्रियता से नाकाम कर दी गई। राजस्व व खाद्य विभाग ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए 3654 बोरी अवैध धान जब्त किया है। भरतपुर अनुविभाग में धान खरीदी वर्ष 2024-25 के तहत अन्य राज्यों के धान को अनुविभाग के विभिन्न उपार्जन केंद्रों में खपाने की कोशिश की जा रही थी। धान खरीदी 2024-25 की नीति के अनुसार और अवैध धान के खिलाफ राजस्व एवं खाद्य विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई के दौरान अनुविभाग से सटे मध्यप्रदेश राज्य से रात में विभिन्न वाहनों में लाए गए



कुल 295 बोरी धान को वाहन सहित जब्त कर कुवांरपुर थाना पुलिस चौकी और जनकपुर थाने में सुपुर्द किया गया। कार्रवाई के इसी क्रम में अन्य राज्य से लाए गए धान को विभिन्न गोदामों और घरों में छुपाकर रखा गया था। संयुक्त दल ने कुल 3359 बोरियों (35-40 किलो प्रति बोरी) को जब्त कर जहां से धान जब्त किया गया, वहीं सुपुर्दगी में दे दिया। इस प्रकार संयुक्त कार्यवाही के अंतर्गत कुल 3654 बोरी धान को अवैध रूप से उपार्जन केंद्रों में खपाने से रोका गया। यह पूरी कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के निर्देशानुसार तहसीलदार भरतपुर, खाद्य निरीक्षक भरतपुर और खाद्य निरीक्षक कोटाडोल के संयुक्त दल द्वारा की गई।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ीकरण करने के लिए केन्द्रीय सीआरएम टीम से की चर्चा

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में केन्द्रीय सीआरएम की टीम के डॉक्टरों और विकासखण्ड बीएमओ की बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। टीम के द्वारा कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रस्तुतिकरण दिया गया। टीम के द्वारा दिये गए सुझाव का परिपालन कर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लोगों बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए विशेष प्रसाय कर रहे हैं। जिले के सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के क्रियाकलाप, पेयजल, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था, ऑपरेशन थेटर, लैब तथा प्रसव कक्ष में आवश्यक दवाइयां उपकरण, रनिंग वाटर की उपलब्धता को बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय सीआरएम टीम ने कलेक्टर को अपने अनुभव साझा किए और जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के संबंध में अपना-अपना विचार व्यक्त किए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय हर साल देश भर के विभिन्न राज्यों में कॉमन रिव्यू मिशन का आयोजन करता है। सीआरएम का उद्देश्य एनएचएम के तहत चल रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की कार्यात्मक स्थिति का त्वरित मूल्यांकन करना और उनके क्रियान्वयन को प्रभावित करने वाले प्रमुख घटकों और चुनौतियों को समझना है। इस वर्ष जशपुर जिले को बेहतर प्रदर्शन वाले जिले के रूप में मूल्यांकन के लिए चयनित किया गया है। टीम के द्वारा मूल्यांकन उपरांत जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार एवं गुणवत्ता हेतु आवश्यक सुधार हेतु सुझाव दिया गया है। केन्द्रीय टीम द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण करने के संबंध में चर्चा की और अधेसंरचना दवा एवं उपकरण, रिकार्ड एवं रिपोर्टिंग, भंडार, प्रचार-प्रसार सामग्री का रिकार्ड, प्रदर्शन व रखरखा सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी व अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभ व सुव्यवस्थित प्रदायगी के लिए प्रसव पंजी, उच्च जोखिम वाले गर्भवर्ती महिलाओं का चिन्हांकन, टीकाकरण पंजी, ओपीडी पंजी, जीवनदीप समिति की बैठक व व्यय पंजी, वित्तीय बिल, बाउचर, अंकेक्षण रिकार्ड का अद्यतन प्रविष्टि करने की बात कही।

# कुएं में मिले शव मामले में बयान देने पहुंचे दोनों पक्ष में हुआ नोंकझोंक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** दीपावली की रात दोस्त के साथ शराब भट्ठी पहुंचे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले में पुलिस द्वारा दोनों पक्ष को थाने में बुलाए जाने पर आपस में नोंकझोंक हो गया था। अंततः मामले में फिलहाल कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका है। पुलिस की जांच आज भी अनसुलझी पहेली बनी हुई है। पुलिस अब तक तय नहीं कर पा रही है कि युवक की हत्या के उद्देश्य से उसे कुएं में ढकेला गया है अथवा वह शराब के नशे में खुद कुएं में गिरा है। अभी भी पुलिस पूछताछ ही कह रही है। गौरतलब है कि दीपावली के दिन रेलवे के सब स्टेशन के ठेकाकर्मी 33 वर्षीय विनसेंट आगोश लूकस पिता किशोर कुमार लूकस निवासी करंजी का शव एक नवम्बर को ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर स्थित शराब भट्ठी के अनुपयोगी कुएं से पुलिस ने बरामद किया था। कुएं के समीप उसकी लाल रंग की स्कूटी और मोबाइल भी पड़ी मिली थी। बताया जा रहा है कि दीपावली के दिन वह



सब स्टेशन काम से छुट्टी के बाद एक अन्य सहकर्मी के साथ दीपावली की रात शराब दुकान में शराब लेने पहुंचा था। इसके बाद से उसका कहीं कोई पता नहीं चल रहा था। परिजन द्वारा युवक की गुमशुदगी की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को देने पर जब पुलिस उसे खोजने निकली तो शराब भट्ठी के पास उसकी स्कूटी व मोबाइल पड़ी मिली थी। इसी आधार पर पुलिस आसपास उसकी तलाशी के लिए खोजबीन की और शंका के आधार पर अनुपयोगी कुएं में डीडीआरएफ टीम द्वारा कैमरा डालकर जांच की गई तो युवक का शव पड़ा मिला था। जिसके बाद एफएसएल टीम की उपस्थिति में आपदा राहत की टीम ने युवक के शव को कुएं से बाहर निकाला गया था। बताया जा रहा है कि पुलिस ने हत्या की आशंका पर उसके साथी अंबिकापुर निवासी अरविंद को दो दिनों तक हिरासत में रखकर पूछताछ किया था। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया था कि मृतक का शराब भट्ठी के पास कुछ युवकों से विवाद हुआ था, लेकिन जब पुलिस द्वारा शुक्रवार को दोनों पक्ष को बयान के लिए तलब किया तब युवक ने घटना दिवस की मारपीट वाली बात से इंकार कर दिया। इसी बात दोनों पक्षों में नोंकझोंक हुई। जिस पर पुलिस द्वारा दोनों पक्ष को शांत कराया गया। पुलिस को जब मृतक का पीएम रिपोर्ट प्राप्त हुआ था, तो उसमें कुएं के पानी में डूबने से मौत होना चिकित्सक द्वारा लेख किया जाना बताया गया है। पुलिस का कहना है कि मारपीट होता तो मृतक के शरीर में चोट के निशान होते लेकिन पुलिस यह नहीं बता पा रही कि किन युवकों से मृतक का शराब भट्ठी के पास विवाद हुआ था। पुलिस का कहना है कि युवक दीपावली के दिन सुबह से शराब पी रहा था और रात में अन्य दोस्त को बुलाकर उसने साथ में शराब पिया है। जिसके पश्चात नशे की हालत में वह संभवतः कुएं में गिरा होगा। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

## केनापारा पर्यटन स्थल में किया गया सामूहिक श्रमदान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार आज हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान के तहत केनापारा-वरपारा पर्यटन स्थल पर सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत सूरजपुर सीईओ विनोद सिंह, एपीओ, ग्राम पंचायत तेलईकछार के सरपंच भारत, सचिव सियाराम राजवाड़े, स्वच्छ भारत मिशन से बीसी, सीसी स्वच्छता दीदी एवं ग्रामीण शामिल हुए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अन्तर्गत शौचालय का शत प्रतिशत उपयोग करने और शौच उपरांत अच्छे से साबुन पानी से हाथ धोने और खाना खाने से पहले हाथ धोने, साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही सामुदायिक शौचालय का संचालन, घर घर कचरा संग्रहण हेतु स्वच्छागृही दीदियों को प्रेरित किया गया।






## रविंद्रनगर में मितानिनों का शॉल श्रीफल भेंटकर किया गया सम्मान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में मितानिन दिवस पर गांव की सभी मितानिनों का सम्मान कार्यक्रम किया गया। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 23 नवंबर को मितानिन दिवस ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में मनाया गया। यहां पर पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा मितानिनों को साड़ी, शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि मितानिन द्वारा निस्वार्थ भाव से काम करते हुए स्वास्थ्य विभाग की ग्रामीण क्षेत्रों में रीढ़ की हड्डी की तरह काम करते हैं। मितानिनों द्वारा गर्भवती महिलाओं की देखभाल एवं नवजात शिशु की बीमारियों की पहचान कर इलाज करने की सलाह दी जाती है। मितानिनों के सक्रिय रूप से काम करने से स्वास्थ्य के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में काफी सुधार हुआ है।




## कलेक्टर ने दिलीप कुमार मिरी व किशन दिनकर के विरूद्ध की जिला बदर की कार्यवाही

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा श्री अजीत वसंत ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3 एवं 5 के तहत दिलीप कुमार मिरी उम्र 37 वर्ष, पिता- छत राम मिरी, साकिन क्वाटर नंबर 02/09 मानिकपुर चैकी एवं किशन दिनक उम्र 26 वर्ष साकिन परसाभाठा वार्ड क्रमांक 41 बाल्को को जिला बदर करते हुए आदेशित किया है कि वह 24 घंटे के अन्दर कोरबा तथा समीपवर्ती जिला बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले क्षेत्र से 01 वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाएं और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए कोरबा जिले एवं उक्त उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश न करें। उन्होंने इस आदेश का तुरंत पालन किए जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि आदेश का पालन न किए जाने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## नवगठित शिवनंदनपुर नगर पंचायत में जिम्मेदार अधिकारी की हो पदस्थापना

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के अधिकार को भंग किए जाने उपरांत आज तक कोई पहल नहीं किए जाने से नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में जनहित के कार्य लंबित होने पर आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। कांग्रेस जिला सचिव ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द ही यहां पर जिम्मेदार अधिकारी के पदस्थापना किए जाने की मांग की गई है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कांग्रेस जिला सचिव प्रेमजीत सिंह ने उल्लेख किया है कि नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में जनहित के कार्य जैसे-जन्म, मृत्यु पंजीयन, राशन कार्ड, साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था सहित कई कार्य जिम्मेदार अधिकारी के पदस्थापना नहीं होने के कारण आमजन को पिछले करीब एक महीने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां की जनता भटक रही है और जनता का गुहार सुनने वाला कोई नहीं है। ऐसी स्थिति में यहां पर जल्द ही किसी जिम्मेदार अधिकारी की पदस्थापना करके आमजन को उनके मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति कराए जाने की मांग की गई है।



## देर रात तेज आवाज में बज रहे डीजे को वाहन समेत पुलिस ने किया जब्त

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** नगर में पुलिस ने देर रात तेज साउंड में बज रहे डीजे को पिकअप वाहन समेत जब्त कर थाने खड़ा कराया है। गौरतलब है कि शुक्रवार को चिरमिरी से बिश्रामपुर अग्रसेन भवन आई बारात में उक्त डीजे को दूल्हा पक्ष ने खरवत से बुकिंग किया था। यहां बारात लगाने के बाद डीजे को संचालक थाना के समीप लगाकर साउंड को सेट कर रहा था। तेज ध्वनि में डीजे के साउंड को सेट करने के दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच गई। इसी दौरान पुलिस ने अचानक प्वाइंट चलने के बाद डीजे संचालक को गाड़ी सहित थाने ले जाकर जब्ती की कार्यवाही की है। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के बावजूद इन दिनों शादी समारोह में तेज ध्वनि से डीजे बजाए जा रहे हैं। डीजे के तेज व कंपन युक्त ध्वनि से बच्चों सहित बुजुर्गों व दिल के मरीजों को खासी परेशानी होती है। बावजूद इसके डीजे संचालकों की मनमानी से अब पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है और ऐसे मामलों में सूचना पर पुलिस त्वरित कार्यवाही कर रही है। इसी के क्रम में बिश्रामपुर पुलिस ने उक्त कार्यवाही की है।मामले में पुलिस ने डीजे संचालक गोपी राजवाड़े निवासी खरवत थाना चरचा जिला कोरिया के खिलाफ धारा 4, 5/15 (1) कोलाहल अधिनियम की कार्यवाही की है।



## प्रशिक्षु माइनिंग अफसर के सुने घर से लाखों रुपए की हुई चोरी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह के सदस्यों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार चोरों ने गायत्री खदान में पदस्थ प्रशिक्षु माइनिंग अफसर के सुने आवास की रेकी कर आवास के दरवाजा में लगे तीन अलग अलग तालों को तोड़कर घर के भीतर रखे फ्रिज, कूलर, वॉशिंग मशीन, मिक्सर ग्राइंडर आयरन सहित अन्य घरेलू सामान सहित दस हजार रुपए नगद चोरी कर लिए हैं। घटना दो दिन पहले की बताई जा रही है। बिश्रामपुर पुलिस ने मैनेजमेंट ट्रेनी अफसर राहुल आनंद पिता नकुल प्रसाद निवासी टूए कॉलोनी क्वार्टर नंबर 82 की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि प्रशिक्षु अधिकारी प्रार्थी राहुल आनंद गायत्री खदान में पदस्थ है।

पिछले 9 नवम्बर को प्रार्थी विभागीय ट्रेनिंग हेतु अपने आवास को बंद करके आईआईसीएम रांची गया था। 22 नवंबर को उसके आवास के सामने रहने वाले वित्त अधिकारी राजेश कुमार ने प्रार्थी को मोबाइल से उनके घर का ताला टूटे होने दरवाजा खुला होने की जानकारी दी। जिस पर प्रार्थी ने क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को मामले की सूचना दी और अपने पिता के साथ यहां घर पहुंचकर देखा तो पाया कि पूरा सामान अस्त व्यस्त है। हाल ही में घर शिफ्टिंग के दौरान खरीदे गए सामान कूलर, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, मिक्सर ग्राइंडर, कुकर तीन नग, इलेक्ट्रिक आयरन, सीलिंग फैन एक नग, ड्रिल मशीन, स्टील, कांसा, पीतल के बर्तन अन्य घरेलू सामान दस हजार रुपए नगदी को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर अज्ञात चोरों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

# महतारी वंदन से सशक्त हुई नारी, अब है किसानों की बारी

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी योजनाओं एवं फैसलों से अन्न उपजाने वाले किसानो में प्रसन्नता व्याप्त है। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर किसानों से जिले के 65 उपार्जन केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी के लिए टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था करने के साथ धान खरीदी सुचारू रूप से शुरू की गई है। उपार्जन केन्द्र पोड़ी में अपनी उपज विक्रय के लिए पहुंचे विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम टुनियाकछार के रहने वाले किसान श्री जे. पी. सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती माधुरी देवी ने प्रशासन द्वारा केंद्र में धान विक्रय के लिए किसानों हेतु दी गई सहूलियत से खुश हैं। माधुरी देवी ने कहा कि आज उनकी मेहनत रंग लाई है और वे धान विक्रय के लिये उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि जून-जुलाई के महीने में खेत की जुताई से लेकर नवम्बर-दिसम्बर में फसल की कटाई तक किसान का पूरा समय फसल की देखरेख में गुजरता है। किसान अच्छी फसल के उत्पादन के लिए कड़ी मेहनत व अथक परिश्रम करता है एवं उसे खुशी अपने उपज को उपार्जन केंद्र में पहुँचाकर मिलती है। उन्होंने बताया कि उनकी 17 एकड़ कृषि भूमि है। जहाँ वे खरीफ मौसम में धान की पैदावार लेते है। आज धान खरीदी के पहले दिन वे समिति में लगभग 10 क्विंटल धान बेचने आए हैं। आने वाले दिनों में उनके द्वारा और भी धान का विक्रय किया जाएगा। केंद्र में उन्हें धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई। महतारी वंदन योजना से हर माह एक हजार रुपए मिलने से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है इसके साथ ही फसलों का उचित दाम मिलने से उन्हें भी संबल मिल रहा है।

माधुरी देवी के पति किसान श्री जे. पी. सिंह ने खरीदी केंद्र में प्रशासन द्वारा की गई समुचित व्यवस्था को देखकर हर्ष प्रकट किया। उन्होंने बताया कि उनके परिश्रम, फसल की उचित देखरेख एवं क्षेत्र में हुए अच्छी बारिश से इस वर्ष उनकी फसल अच्छी हुई है, जिसके विक्रय से उनकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि समिति प्रबंधक द्वारा केंद्र में किसानों के लिए सभी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्हें धान विक्रय के लिए टोकन मिलने, बारदाना उपलब्धता के साथ ही धान तौलाई का कार्य भी बहुत ही सरलता से हो गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस वर्ष 3100 रुपए प्रति क्विंटल एवं 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों को उनकी उपज का वास्तविक मूल्य मिल रहा है। कृषक श्री सिंह ने बताया कि उनके द्वारा विगत वर्ष 210 क्विन्टल धान विक्रय किया गया था एवं 06 लाख रूपए तक का आय अर्जित किया गया था। आज उनके द्वारा पहला टोकन प्राप्त कर लगभग 10 क्विंटल धान विक्रय किया गया है एवं कुछ दिनों में उनके द्वारा और धान का विक्रय भी किया जाएगा। किसान श्री जे. पी. सिंह ने कहा कि सरकार की यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का सकारात्मक प्रयास है, जिससे किसानों को अधिक लाभ मिलेगा एवं उनकी आय में वृद्धि के साथ ही आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने सरकार के कहे वादे अनुसार निर्धारित समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए राज्य सरकार के मुखिया श्री विष्णुदेव साय व जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराएं जीवन में उल्लास भी भरती हैं : मुख्यमंत्री

**रायपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राजधानी रायपुर के पवित्र खारून नदी के तट महादेव घाट पहुंचकर हाटकेश्वर महादेव और मां काली के दर्शन किए। उन्होंने हाटकेश्वर महादेव और मां काली की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने पवित्र महादेव घाट में कार्तिक स्नान के लिए जुटे श्रद्धालुओं का अभिवादन कर सभी को कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विधायक मोतीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महादेव घाट में आयोजित होने वाला पुन्नी मेला बहुत लोकप्रिय है। दूर-दूर से लोग इसमें बड़ी श्रद्धा के साथ हिस्सा लेने आते हैं। साय ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक परंपराएं न केवल हमारी आस्था को मजबूत करती हैं अपितु हमारे जीवन में उल्लास भी भरती हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि श्रीरामलला दर्शन योजना के माध्यम से हमने प्रदेशवासियों को अपने आराध्य भगवान राम के दर्शन के लिए अयोध्या भेजने की निःशुल्क की व्यवस्था की है। साय ने मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के शीघ्र शुरू किए जाने की जानकारी देते हुए बताया कि इससे 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक तीर्थ यात्रा पर जा सकेंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज से हमने प्रदेश के 25 लाख से अधिक किसानों से धान खरीदी की शुरूआत कर दी है। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर देश भर से आए जनजाति कलाकारों ने राजधानी में मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुति दी। उन्होंने आज नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू होने की जानकारी भी लोगों के साथ साझा की।

## स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक की हुई संपन्न

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** संभागायुक्त श्री महादेव कावरे की अध्यक्षता में ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के षासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में स्वषासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेडिकल कॉलेज में छात्रों एवं मरीजों हेतु सुविधाएं विकसित करने के संबंध में बिंदुओं पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में नियमावली में एकरूपता हेतु मॉडल स्वशासी सोसायटी प्रारूप के नियमावली में संशोधन के संबंध में प्रबंधकारिणी समिति के समक्ष साधारण सभा समिति, प्रबंधकारिणी समिति, वित्त समिति के सदस्यों एवं उनके कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसके अनुसार आकस्मिक जरूरत अनुसार प्रबंध कारिणी समिति द्वारा 2 करोड़ एवं वित्त समिति द्वारा 10 लाख तक राशि अनुमोदित किया जा सकता है। प्रबंधकारिणी समिति का सदस्य सचिव डीन के स्थान पर अस्पताल अधीक्षक को नामित किया गया है। प्रबंधकारिणी समिति में पूर्व में 05 समिति सदस्य के स्थान पर अब 14 सदस्य नामित किया गया है। उपरोक्तानुसार प्रस्ताव को प्रबंधकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।विभागों और छात्रावास हेतु सुरक्षा कोदृष्टिगत रखते हुए सी.सी.टी.वी कैमरा खरीदने संबंधी प्रस्ताव का समिति ने अनुमोदन किया। वर्ष 2025-26 में यू.जी. कोर्स के संचालन हेतु एन.एम.सी. फीस की राशि 3.54 लाख रुपए प्रबंधकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में वीडियो कांफ्रेंस सेट लगाये जाने हेतु 05 लाख 60 हजार की राशि स्वीकृत की गई।चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में 05 विभाग-जनरल मेडिसीन, जनरल सर्जरी, शिशु रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, निश्चेतना विभाग में पीजी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु स्वीकृति दी गई। इस अवसर पर संचालक चिकित्सा षिक्षा छ.ग. षासन डॉ. यू.एस. पैंकरा, अधिष्ठाता षासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा डॉ. रंजना सिंह आर्या, कलेक्टर प्रतिनिधि कोरबा श्री दिनेष कुमार नाग, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक षासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. गोपाल सिंह कंवर, सीएमएचओ कोरबा डॉ. एस. एन. केसरी व उप अस्पताल अधीक्षक षासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा डॉ. दुर्गाषंकर पटेल सदस्य के रूप में उपस्थित थीं।

# मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का किया लोकार्पण

**14 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से निर्मित है स्पोर्ट्स कांप्लेक्स**

**मुख्यमंत्री ने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के साथ टेबल टेनिस, स्क्वैश और बैडमिंटन में हाथ आजमाए**



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर / मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बिलासपुर में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का लोकार्पण किया। 14 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा संजय तरण पुष्कर परिसर में इसका निर्माण किया गया है।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के साथ टेबल टेनिस, स्क्वैश और बैडमिंटन में हाथ आजमाए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने एक ही छत के नीचे एक से ज्यादा खेलों की सुविधा मिलने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से मुलाकात की।बिलासपुर में तीन मंजिला स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बेसमेंट पार्किंग, ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन और रेस्टोरेंट संचालित किए जाने का प्रावधान है। इसके प्रथम तल में बैडमिंटन, स्क्वैश कोर्ट, टेबल टेनिस, स्नूकर, बिलियड्र्स जैसे खेलों की सुविधा है। द्वितीय तल में मल्टीपरपज हॉल, योगा की सुविधा है। यह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बिलासपुर के मेट्रो सिटी की संकल्पना को साकार करने के लिए बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है जहां नागरिकों को खेल भावना के साथ फिटनेस और मनोरंजन के लिए सर्वसुविधायुक्त क्लब की स्थापना की गई है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद श्री तोखन साहू, विधायक तखतपुर श्री धर्मजीत सिंह, बिलासपुर श्री अमर अग्रवाल, बिल्हा श्री धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# रायपुर उपचुनावः 45 हजार वोटों से जीते सुनील सोनी, जनता का जताया आभार




छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए हुए उप चुनाव की मतगणना खत्म हो चुकी है। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी 45 हजार से अधिक वोटों से जीत गए हैं। जीत के बाद रायपुर दक्षिण जीत के बाद सुनील सोनी ने कहा कि, यह जनता की जीत है, इसके लिए रायपुर दक्षिण की जनता का आभार। उन्होंने आगे कहा कि, रायपुर दक्षिण का अब तेजी से विकास होगा। मैं सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ मिलकर पूरी ईमानदारी के साथ काम करूंगा। मंत्री बनाए जाने की चचाओं पर सुनील सोनी ने कहा कि, इसका फैसला आलाकमान करेगा।

### ये रहे फाइनल आकड़े

मतगणना के अंतिम चरण में बीजेपी को 89059 वोट और कांग्रेस को 42977 मिले। जिसमें बीजेपी ने 46082 वोटों की लीड बनाई। वहीं पोस्टल मतदान में बीजेपी को 161 और कांग्रेस को 76 मिले। अंतिम चरण में बीजेपी को 89220 और कांग्रेस को 43053 वोट मिले। जिसके बाद सुनील सोनी 46167 मतों से विजयी हुए।

### कार्यकताओं की मेहनत से मिली जीत

सुनील सोनी जीत पर चुनाव प्रभारी और मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि, कार्यकताओं की मेहनत से बड़ी लीड से जीत मिली है। हमने बूथ मैनेजमेंट पर फोकस किया था। सरकार द्वारा पूरी की गई मोदी गारंटी का लाभ मिला है।

### इंजीनियरिंग कालेज में हुई मतगणना

शनिवार की सुबह रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए 8:00 बजे मतगणना की शुरूआत हुई है। मतगणना स्थल पर१स्त्रा,ृं और पुलिस के जवान तैनात किए हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच डाक मतपत्र मतगणना स्थल पहुंचाए गए।

### हर राउंड में भाजपा ने थी बढ़त बनाई

भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा उन इलाकों में भी पिछड़े रहे। जहां कांग्रेस को वोट मिलने की उम्मीद थी। कांग्रेस में निराशा के बादल दिखने लगे थे। कांग्रेस शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे पहले राउंड के बाद ही मतगणना स्थल से रवाना हो गए हैं।

# आदि शक्ति मां महामाया मंदिर में हुआ आयोजन

## राम विचार नेताम के समर्थकों ने उत्तम स्वास्थ्य के लिए किया पाठ पूजन एवं हवन



प्रतिनिधि छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रामानुजगंज। रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 7 के विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम के उत्तम स्वास्थ्य के लिए आज उनके समर्थक एवं सहयोगियों के द्वारा स्थानीय कनहर नदी के तट पर स्थित आदि शक्ति मां महामाया के मंदिर में पूजा पाठ उपरांत हवन आदि कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। गौरतलब है कि बीते रात छत्तीसगढ़ प्रदेश के बेमेतरा से रायपुर लौटते वक्त सड़क हादसे में राम विचार नेताम बुरी तरह से घायल हो गए थे और जिस वाहन में वह सफल कर रहे थे उसे वहन के दाहिने ओर का परखचा उड़ गया था। उनके साथ सफर कर रहे लोगों को भी छोटे आई हैं घटना के बाद सभी को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर रायपुर के लिए रवाना किया गया यह घटना रायपुर बेमेतरा मार्ग पर जेवरा गांव के पास घटित हुआ था। इस बात की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आया तो उनके समर्थकों को शाक सा लग गया तभी से उनके समर्थक एवं सहयोगियों के द्वारा मन ही मन उत्तम स्वास्थ्य की कामना करने लगे। रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में बेहतर इलाज के बाद अब वह स्वस्थ बताए जा रहे हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने सहयोगियों एवं समर्थकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहां है कि आपके स्नेह और प्यार के कारण मैं अब स्वस्थ हूं। अयोजन में कन्हैयालाल अग्रवाल, अनूप तिवारी, सुभाष केशरी, रामेश्वर गुप्ता, विनोद गुप्ता, उषा गुप्ता, चंदा सिंह, मीरा ठाकुर, सीमा रवि, शैलेष कुमार गुप्ता, अश्वनी कुमार गुप्ता, बी.डी.लाल गुप्ता, संजय गुप्ता, डॉ.राकेश गुप्ता, अजय गुप्ता, आकाश गुप्ता, शुभम गुप्ता, धर्म प्रकाश केशरी, आकाश गोड़, अमित सिंह, आकाश तिवारी, कृष्ण गुप्ता, सूरज मिश्रा, नयन गुप्ता, सूरज कश्यप, छद्दू कश्यप सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### नाशे रोग हरे सब पीरा जप्त निरंतर हनुमत बीरा

घायल हुए कृषि मंत्री राम विचार नेताम के लिए उपस्थित सभी पुरुषों एवं महिलाओं ने आदिशक्ति मां महामाया मंदिर में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। पाठ समाप्ति के बाद उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु के लिए कामना की गई। वैसे तो शनिवार के दिन पंचमुखी हनुमान जी का दर्शन एवं प्रार्थना करने से 09 ग्रह 27 नक्षत्र एवं 12 राशि सहित सभी अनुकूल हो जाते हैं।

# मोदी की गारंटी के अनुरूप हो रही है धान खरीदी : मुख्यमंत्री साय

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे द्वारा दी गई मोदी की गारंटी के अनुरूप इस वर्ष भी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान के मान से ही धान खरीदी की जा रही है। किसानों को इस मामले को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के



पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों के माईक्रोएटीएम से 2000 रूपए से लेकर 10 हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा भी दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराये पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में अनवरत धान खरीदी का सिलसिला जारी है। 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मिट्रिक धान खरीदी अनुमानित है।

# चोर की दाढ़ी में तिनका

लोयोला हायर सेकेंडरी स्कूल, कुनकुरी अपनी उपलब्धियों के साथ साथ अपने कठोर अनुशासन के लिए प्रसिद्ध था। छात्र संख्या एक हजार से अधिक थी और हरेक क्लास कम से कम चार सेक्शन में बंटा था। स्कूल शुरू होते ही सभी छात्रों के हाथ में स्कूल की डायरी थमा दी जाती थी, जिसमें स्कूल का कायदा-कानून लिखा होता था। स्वच्छता, अनुशासन पालन आदि के साथ ही नियम भंग करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही तथा 'स्कूल निकाला' तक के दंड का विवरण था। इस कड़े अनुशासन का ही परिणाम रहा कि लोयोला ने आई. ए. एस., आई. पी. एस., आई. एफ. एस., कई डॉक्टर-इंजीनियर सहित हजारों छात्रों का भविष्य संवारने में सफल रहा है।

कक्षा में अनुपस्थित रहने अथवा विदाउट यूनिफॉर्म आने पर प्रिंसिपल से स्लिप (एक तरह का माफीनामा) लेनी पड़ती थी जिसके दस पैसे चुकाने होते थे। दस पैसे की जगह दस रुपए चुका दें मगर उनकी गुर्राहट और हुँकार झेलना भारी पड़ता था। मारे डर के लोग अनुशासन में रहना बेहतर समझते थे। एक प्रथा प्रचलित थी कि किसी छात्र की कोई अच्छी उपलब्धि होने पर सवेरे असेंबली के समय उसे मंच पर बुलाकर सम्मानित किया जाता, ताली बजाई जाती, जिससे दूसरे को प्रेरणा मिल सके। इसके विपरीत किसी के द्वारा अनुशासन तोड़ने या कोई बेजा हरकत करने वाले को भी सामने लाकर उसका कच्चा चिट्ठा खोला जाता था। कड़ी हिदायत दी जाती या भारी चूक होने पर अन्य दंड अथवा स्कूल निकाला तक की सजा सुनायी जाती।

ये उन दिनों की बात है जब 'मुन्नाभाई' जैसे न फिल्में थीं, न ही कोई ऐसे माहौल में इस तरह का ख्याल मन में ला ही सकता था।

बात दिसंबर 1972 की है। अन्य क्लास के साथ साथ दसवीं की भी छमाही परीक्षा चल रही थी। उस दिन इतिहास विषय के पेपर के लिए आधे घंटे का समय शेष था। समीर अपनी आदत के मुताबिक हड़बड़ाते हुए मेरे पास आकर कहने लगा- 'अरे यार मेरी तो कोई तैयारी नहीं है ! मेरा कोई मूड नहीं हो रहा है पेपर देने का, क्या करूं ?'

मेरा उस दिन गैप था। मेरे दिमाग में एक फितूर चलने लगा। मैंने पूछा किताब कहाँ है, कहाँ तक पढ़ाई हुई है ? उसने बता दिया। इतिहास का विषय मेरा नहीं था, पर अंदर ही अंदर रोमांचक सीन प्ले करने का मन हो रहा था, यद्यपि खतरा बहुत था। मैंने जल्दी-जल्दी सरसरी तौर पर किताब पढ़ा। तब तक परीक्षा की घंटी बज चुकी थी। समीर को भी मेरी स्कीम पसंद आ गयी। साँप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे, समीर परीक्षा न देकर किसी तरह के स्पष्टीकरण के चक्कर में नहीं पड़ना चाहता था, और मुझे तीसमारखाँ बनने का अवसर मिल रहा था। समीर बेस्ट ऑफ लक कहकर निकल गया। परीक्षा हाल में समीर की सीट और रोल नंबर पर मैं बैठ गया। प्रश्नपत्र कुछ पल्ले नहीं पड़ रहा था। कुछ आठवीं में था, तब पढ़ाया गया था, उस पर कुछ लिखा जा सकता था, कुछ जो तुरंत पढ़कर आया था, बाकि अंदाज के सहारे चलने का मन बनाया।

पेपर देते आधा समय बीत चुका था। नागरिक शास्त्र के सीनियर टीचर (सांवले से ठिगने मोटे और पैनी नजर रखने वाले) जे. के. सर की



ड्यूटी संपूर्ण सुपरविजन के लिये लगायी गयी थी। वे कमरे के अंदर आकर बारीकी से निरीक्षण करते हुए धीरे धीरे बढ़ने लगे... मेरे पास आकर एकदम से रुक गये। मुझे देखकर बोले 'हूँह... !' मैंने नजर नीची कर ली। वे एक भेदभरी नजर डालते हुए बाहर निकल गये। लगा कलम हाथ से छूट जाएगी। ठंढ में भी पसीना छूटने लगा। मैं अंदर से काँप गया। अब क्या होगा ? अपराध बोध सताने लगा। कहाँ नाहक मुसीबत मोल लिया। लगा अब बचना मुश्किल है, मगर गले में फंदा तो मैंने खुद लगाया था। किसी तरह समय खत्म होने का इंतजार करने लगा। कुछ करने का मन नहीं था। टाईम होते ही पेपर जमा कर बाहर निकल गया।

कहीं दूर समीर मेरे इंतजार में खड़ा था। वह दौड़कर आया और कौतुहलवश पूछा, 'कैसा रहा ?' मैंने अंदर की लोमहर्षक घटना बताया, तो उसका चेहरा फक्क से रह गया। इसलिए कि वह भी कम दोषी नहीं था। इसी समय किसी ने लाकर दोनों को मीठे बिही दिये, मगर उसे खाने की सुध न रही। हम दोनों अनमने होकर स्कूल से बाहर चले गये। एक पेड़ के नीचे बैठ गये, पर एकदम खामोश। बस यही सोचने लगे अब आगे क्या होगा ? अनुशासनिक दृष्टि से तो अपराध जघन्य था, जाने क्या दंड मिले ? बिही हाथ में ही रह गया था। फिर बेमन से ही सही दोनों ने खाये जो बड़ा बेस्वाद लग रहा था।

इसके बाद दोनों ने अपने-अपने घर की राह ली क्योंकि कुछ नहीं सूझ रहा था।

रात को खाने का मन नहीं था। थोड़ा-सा खा सका। उस रोज पढ़ाई की बात तो दूर, रह-रह कर ख्याल आ रहा था कैसे जे. के. सर सीधे मेरे पास आकर एकदम खड़े हो गये थे ! मैं बिस्तर पर लेट चुका था। सोचने लगा बात खूँखार प्रिंसिपल बरला साहब तक पहुँच चुकी होगी। स्टाफ में चर्चा हो रही थी लड़का अभी से इतना दुस्साहस कर रहा है, पता नहीं आगे चलकर कितना शातिर निकलेगा, इसे तो सीख देना जरूरी है... मन कहाँ से कहाँ पहुँच गया। फिर कब नींद आ गयी और सो गया। देख रहा था, असेंबली में हम दोनों सबके सामने खड़े हैं, और सबके सामने हमारी बहादुरी का चिट्ठा खोला जा रहा है। अचानक जाग गया, सपना देख रहा था...।

सुबह एक बार लगा स्कूल से गोल मार लूँ, फिर कुछ सोचकर चल दिया। रात के सपने को झूठ मानने को मन तैयार नहीं हो रहा था।

उदासी और दहशत के साथ, असेंबली की कतार में अपनी लंबाई के अनुसार लगभग अंत में, अपराधी भाव लिए बुझा सा खड़ा हुआ। कक्षा छठी से ग्यारहवीं तक पूरी लाईन सज चुकी थी। माहौल एकदम चुप्पी लिए था। मेरे दिल की धड़कन तेज हो गयी। तभी प्रिंसिपल कुछ पेपर के साथ स्टेज पर आ गये। उन्होंने सबकी ओर एक नजर घुमायी, फिर देश और दुनियाँ की, उस दिन का समाचार बताने लगे। इसके बाद स्कूल की सामान्य हिदायत दी गयी। प्रिंसिपल अपनी जगह ले चुके थे। राष्ट्रीय गान प्रारंभ होकर समाप्त हो गया। सभी अपने-अपने क्लास के लिए बढ़ रहे थे...। मुझे कुछ समझ नहीं आया, यकीन नहीं हो रहा था कि ऐसा भी हो सकता है। आश्चर्य मिश्रित खुशी भी हो रही थी।

दरअसल हमारे सेक्शन के चार छात्र जिसमें समीर भी शामिल थे, अर्थशास्त्र के बदले इतिहास पढ़ने दूसरे सेक्शन जाते थे। वैसे भी हर क्लास के चार-चार सेक्शन के सभी छात्रों के बारे में विषयवार, हर टीचर को जानकारी होना आसान भी नहीं था, यद्यपि सारा स्टाफ सामान्य तौर पर मुझे जानता था। अतः उस रोज जे. के. सर जो परीक्षा में मेरे पास खड़े हो गये थे, बस अनायास ही देखकर 'हूँह !' कर दिया था। चूँकि चोर की दाढ़ी में तिनका था, यही मुसीबत की जड़ बन गयी।

तीसरे दिन ब्रेक के समय समीर मिला। हमलोग बच गये, विश्वास नहीं हो रहा था। मैं इसलिए खुश था कि खतरनाक खेल में पकड़ा नहीं गया और बहादुरी भी हो गयी। समीर इतिहास में फेल होकर भी खुश क्योंकि उसने तो पेपर दिया ही नहीं था ! जानता हूँ पकड़े जाने पर हेकड़ी निकल जाती ! मगर ये वाक्या जेहन में घर कर गया, जो याद आते ही रोमांचित कर देता है।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-नयागढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 122/3 रकबा 0.053 है. जो वर्तमान के राजस्व प्रपत्रों में प्रतीक कुमार पाण्डेय उर्फ प्रतुल कुमार पाण्डेय आ. स्व. सुरेश चन्द्र पाण्डेय के नाम पर दर्ज है, जिसमें से रकबा 0.008 है. भूमि को अंकन 4.50.00 /- रुपए में विक्रय करने का सौदा उनके द्वारा निजामुद्दीन अंसारी आ. कदम रसूल अंसारी से किया गया है तथा उनसे बतौर अग्रिम राशि 3,01,000/- रुपए प्राप्त कर उनके पक्ष में उक्त भूमि को विक्रय करने का पंजीकृत अनुबंध पत्र दिनांक 03.12.2019 को निष्पादित किया गया है तथा अनुबंध पत्र का निष्पादन करने के बाद भी उसका विक्रय पत्र उनके पक्ष में निष्पादित नहीं कर रहा है, जिस संबंध में निजामुद्दीन अंसारी के द्वारा उनके विरूद्ध संविदा के विशिष्ट अनुपालन हेतु एक व्य.वा.क्र. 248-अ/2021 (निजामुद्दीन अंसारी प्रति प्रतीक कुमार पाण्डेय) श्रीमान् प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर (कु. प्रांजली नेताम), विविध सिविल अपील क्रमांक 15/2024 (निजामुद्दीन अंसारी प्रति प्रतीक कुमार पाण्डेय) श्रीमान् तृतीय अपर जिला न्यायाधीश महोदय, अम्बिकापुर (श्री मुकेश तिवारी) जी के न्यायालय में प्रकरण लंबित है एवं राजस्व पुनरीक्षण श्रीमान् अपर कलेक्टर महोदय, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के न्यायालय में लंबित है तथा इसी भूमि के संबंध में दो पृथक पृथक व्यक्तियों के द्वारा अभिलेख दुरूस्त कर नक्शा बटांकित किये जाने हेतु 02 पृथक-पृथक राजस्व प्रकरण श्रीमान् तहसीलदार महोदय, अम्बिकापुर के न्यायालय में योजित की गयी है. जो विचाराधीन है, एक राजस्व अपील मो. सम्सतबरेज वगैरह प्रति प्रतीक कुमार पाण्डेय उर्फ प्रतुल पाण्डेय श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय, अम्बिकापुर एवं एक रा.प्र.क्र. 202411022900007 / ब-121/2023-24 (प्रतीक कुमार पाण्डेय उर्फ प्रतुल पाण्डेय प्रति निजामुद्दीन अंसारी) श्रीमान् नायब तहसीलदार महोदय, अम्बिकापुर के न्यायालय में लंबित है. जिसके लंबनकाल में प्रतीक कुमार पाण्डेय उर्फ प्रतुल कुमार पाण्डेय के द्वारा उसे अन्यत्र विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। अतः कोई भी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्थान प्रतीक कुमार पाण्डेय उर्फ प्रतुल कुमार पाण्डेय से उपरोक्त वर्णित भूमि खसरा नंबर 122/3 रकबा 0.053 हे. के किसी भी अंश को न तो क्रय करने का सौदा करें और न ही उसे कोई अग्रिम राशि अथवा विक्रय मूल्य प्रदान करें और न ही कोई अनुबंध पत्र अथवा विक्रय पत्र निष्पादित करावे, अन्यथा वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

दिनांक-

भवदीय निजामुद्दीन अंसारी निवासी-नवागढ़, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. मो.नं.-8964904591


# सकरी की सड़क अब नहीं रही संकरी, उन्नयन से हुई चौड़ी

**उस्लापुर-सकरी रोड़ में अब ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति, आवागमन होगा आसान**

**लगभग 16 करोड़ रूपए की लागत से बनी सड़क का मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किया लोकार्पण**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**रायपुर** / बिलासपुर जिले के सकरी में संकरी सड़क को लेकर परेशान आम नागरिकों को अब राहत मिल गई है। उन्नयन के पश्चात चौड़ी हुई उस्लापुर-सकरी रोड में आवागमन आसान होने के साथ राहगीरों को ट्रैफिक जाम से भी मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बिलासपुर के उस्लापुर रेल्वे ओव्हरब्रिज से लेकर सकरी बाईपास चौक तक 15वें वित्त आयोग और डीएमएफ फंड से लगभग 16 करोड़ की लागत से निर्मित सड़क का लोकार्पण किया। उस्लापुर रेल्वे ओव्हरब्रिज से लेकर सकरी बाईपास चौक तक नगर निगम द्वारा सवा चार



किमी सड़क का उन्नयन और चौड़ीकरण किया गया है। सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन होने से राहगीरों को काफी राहत मिली है। उन्नयन और चौड़ीकरण के तहत मार्ग की चौड़ाई बढ़ाई गई है, डिवाइडर बनाया गया है, स्ट्रीट लाइट और दोनों तरफ नाली निर्माण भी किया गया है। यह मार्ग शहर का प्रवेश द्वार है जिसकी काफी दिनों से चौड़ीकरण की जरूरत महसूस की जा रही थी उल्लेखनीय है कि बिलासपुर शहर अब महानगर के रूप में विकसित हो रहा है। शहर के चारों तरफ कॉलोनियां विकसित हो रही हैं। इसके अलावा व्यापारिक गतिविधियां भी तेजी के साथ बढ़ने लगी है। चौड़ीकरण के पूर्व सड़क संकरी थी, जिसके कारण आए दिन ट्रैफिक जाम और हादसे होते रहते थे। इसके अलावा इस सड़क पर ट्रैफिक का अत्याधिक दबाव रहता था। प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन इस मार्ग से गुजरती है। इस मार्ग के उन्नयन और चौड़ीकरण होने से राहगीरों खासकर तखतपुर, मुंगेली, कवर्धा, लोरमी, पेंड्रा और पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश से आने वाले यात्रियों तथा बिलासपुर नगर निगम में नए जुड़े चार वार्डों के निवासियों को काफी राहत मिलेगी, साथ ही यातायात सुगम होगा।

### मिनोचा कॉलोनी से उस्लापुर क्रॉसिंग सड़क का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर शहर के मिनोचा कॉलोनी से उस्लापुर क्रॉसिंग तक सड़क निर्माण का लोकार्पण किया। इस सड़क का 5 करोड़ 91 लाख की लागत से उन्नयन किया गया है।

## सम्पादकीय

# रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म करवाए विश्व बिरादरी

जिसका डर था, वही हुआ। रूस, युक्रेन युद्ध अत्यंत खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं। यूक्रेन ने बृहस्पतिवार को दावा किया है कि रूस ने उसके निप्रो शहर पर इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइल से हमला किया। ये हमले अस्त्राखान इलाके से किए गए। इससे पहले रूस ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने 19 नवंबर को पहली बार अमेरिका से मिली लंबी दूरी की मिसाइलें उसके इलाके में दागीं। रूस ने दावा किया कि उन्होंने 5 मिसाइलों को मार गिराया। यूक्रेन और अमेरिका के अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की है। दोनों ओर से किए गए इन दावों के बाद पूरी दुनिया में दहशत का माहौल है। तनाव बढ़ने के बाद 3 नॉर्डिक देशों ने युद्ध अलर्ट जारी किया है। नॉर्वे, फिनलैंड और डेनमार्क ने अपने नागरिकों से जरूरी सामानों का स्टॉक रखने और अपने सैनिकों को जंग के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, इन देशों की सीमाएं रूस और यूक्रेन से सटी हैं। यूक्रेन पर परमाणु हमले की स्थिति में इन देशों पर असर पड़ सकता है। नॉर्वे ने पर्चे बांटकर अपने नागरिकों को युद्ध को लेकर आगाह किया है। स्वीडन ने भी अपने 52 लाख से ज्यादा नागरिकों को पर्चे भेजे हैं। उन्होंने परमाणु युद्ध के दौरान विकिरण से बचाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली आयोडीन की गोलियां रखने के भी निर्देश दिए हैं। असल में बीते तीन दिनों में हालात तेजी से बदले हैं। अमेरिका ने यूक्रेन की राजधानी कीव में अपना दूतावास बंद कर दिया है। जर्मनी ने नाटो के 8 लाख सैनिकों को मोबिलाइज करने का प्लान तैयार कर लिया है। यूक्रेन ने 19 नवंबर को रूस पर 6 अमेरिकी बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। इस वॉर में यह पहली बार है जब यूक्रेन ने लॉन्ग रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अमेरिका ने इसकी इजाजत 17 नवंबर को ही दे दी थी। अमेरिका द्वारा यूक्रेन को परमिशन दिए जाने के बाद 19 नवंबर को रूस ने अपने न्यूक्लियर डॉक्ट्रिन में बदलाव किए। आशंका जताई जा रही है कि इस हमले को रूस, अमेरिका के सीधे हमले की तरह देख रहा है। पूरी दुनिया इससे यह समझ रही है कि युद्ध के दौरान रूस कुछ बड़ा करने वाला है। इसके पीछे उस बयान को भी अहम माना जा रहा है जो रूसी विदेश मंत्री ने दिया। 19 नवंबर को मंत्री सरगेई लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के हमले का मतलब है कि पश्चिमी देश इस वॉर को और बढ़ाना चाहते हैं। रूस ने यह भी कहा कि अमेरिका के ऑपरेशनल सपोर्ट के बिना इन मिसाइलों को लॉन्च नहीं किया जा सकता। ऐसे में अमेरिका सीधे तौर पर रूस के सामने हैं, जिसका जवाब देने के लिए वह बाध्य है। रूस के अनुसार वह इस हमले को वॉर के नए फेज की तरह देख रहा है और उसी तरह इसका जवाब भी देगा और वही हुआ। बृहस्पतिवार को रूस ने यूक्रेन के निप्रो शहर पर इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइल से हमला किया। यूक्रेन की एयर फोर्स ने दावा किया कि आईसीबीएम के अलावा रूस ने 7 केएच-101 क्रूज मिसाइल से भी हमले किए। इनमें से 6 मिसाइलों को मार गिराया। रूस ने यूक्रेन पर किन्जल हाइपरसॉनिक मिसाइल भी दागीं। रूस ने पिछले महीने कहा था कि अगर नाटो देशों के हथियारों का इस्तेमाल उसकी जमीन पर होता है तो इसे तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत समझा जाएगा। यह बहुत खतरनाक है। विश्व बिरादरी को चाहिए कि दोनों देशों को एक मंच पर लाएं और किसी भी सूरत में युद्ध का अंत हो। अगर ये जंग ऐसे ही बढ़ती रही तो न केवल रूस, यूक्रेन बल्कि पूरी दुनिया के लिए घातक होगी।



विचार

राहुल भगत

छत्तीसगढ़ की सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता के उद्देश्य से सभी क्षेत्रों में आईटी का व्यापक इस्तेमाल शुरू किया है। ई-ऑफिस प्रणाली से सरकारी प्रक्रियाओं में न केवल तेजी आई है, बल्कि कामकाज में जवाबदेही और पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है। अब सरकारी विभागों में फाइलें लंबित नहीं रहतीं, और हर निर्णय की ऑनलाइन निगरानी होती है। मंत्रालय में मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों और अधिकारियों से मिलने आने वाले आंगतुकों की सुविधा के लिए स्वागतम पोर्टल शुरू किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में सुशासन की पहल - विकास और पारदर्शिता की दिशा में ठोस कदम

अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक संसाधनों के लिए प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ आज सुशासन के एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रहा है। छत्तीसगढ़ की सरकार ने जनहित को केंद्र में रखते हुए ऐसे नीतिगत निर्णय लिए हैं, जिनसे सामाजिक-आर्थिक विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। सुशासन के सिद्धांतों को लागू करते हुए, छत्तीसगढ़ ने पारदर्शिता, भागीदारी और जवाबदेही के जरिए नागरिकों की जरूरतों को प्राथमिकता दी है।

छत्तीसगढ़ की सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता के उद्देश्य से सभी क्षेत्रों में आईटी का व्यापक इस्तेमाल शुरू किया है। ई-ऑफिस प्रणाली से सरकारी प्रक्रियाओं में न केवल तेज़ी आई है, बल्कि कामकाज में जवाबदेही और पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है। अब सरकारी विभागों में फाइलें लंबित नहीं रहतीं, और हर निर्णय की ऑनलाइन निगरानी होती है। मंत्रालय में मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों और अधिकारियों से मिलने आने वाले आंगतुकों की सुविधा के लिए स्वागतम पोर्टल शुरू किया गया है। सीएमओ पोर्टल के माध्यम से सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों, जनहितैषी फैसलों और काम-काज की जानकारी आम लोगों को मिल रही है, इस पहल से सुशासन के साथ शासकीय कामकाज में भी दक्षता और पारदर्शिता बढ़ी है।

प्रदेश सरकार ने सरकारी खरीद में गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस का उपयोग सुनिश्चित किया है। जिससे खरीदी प्रक्रिया भ्रष्टाचारमुक्त और डिजिटल हुई है। बेहतर प्रशासन के साथ जनता तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक पृथक विभाग सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया है। छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 'सिंगल विंडो सिस्टम 2.0' लागू किया है। इस प्रणाली के तहत सभी प्रकार की अनुमति, लाइसेंस और पंजीकरण प्रक्रियाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है, ताकि निवेशक आसानी से और कम समय में अपनी प्रक्रियाएं पूरी कर सकें।

प्रदेश सरकार ने स्कूलों में 'न्योता भोजन' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने के लिए समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह पहल प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है, जिससे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिल सके।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत छत्तीसगढ़ में कक्षा 8वीं तक बच्चों को मातृभाषा और स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने की शुरुआत हुई है, जिसमें छत्तीसगढ़ी, हल्बी, गोंडी और भतरी जैसी भाषाएं शामिल हैं। कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा पर जोर दिया गया है। उच्च



शिक्षा में विद्यार्थियों को मासिक ट्रैवल्स अलाउंस दिया जाएगा और वार्षिक 6000 रुपए डीबीटी के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ पहला ऐसा प्रदेश है, जहां एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में शुरू की गई है, जिससे आदिवासी बहुल क्षेत्रों के छात्रों के लिए चिकित्सा की पढ़ाई आसान हो गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 रुपए प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कर रही है। धान खरीदी को पारदर्शी बनाने के लिए बायोमेट्रिक प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र लगाए गए हैं, जिससे प्रक्रिया अधिक सुचारू और धोखाधड़ी रहित हो गई है। यही वजह है कि पिछले खरीफ़ वर्ष में 144 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गयी थी, इस वर्ष 160 लाख मीट्रिक टन धान के उपार्जन की उम्मीद है। प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से हर महीने 1000-1000 रुपए की सहायता राशि दी जा रही है।

सुरक्षा के मोर्चे पर प्रदेश सरकार ने एंटी-नक्सल ऑपरेशन में बड़ी सफलता हासिल की है। 11 महीने में अब तक सुरक्षा बलों ने 195 से अधिक नक्सली ढेर किये हैं, वहीं 742 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। छत्तीसगढ़ सरकार सुरक्षा के साथ शांति के मोर्चे पर भी कदम बढ़ा रही है। सुरक्षाबलों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में न केवल शांति स्थापित की है, बल्कि वहां विकास के लिए अनुकूल माहौल भी तैयार किया है। माओवादी क्षेत्रों में 34 सुरक्षा कैम्प स्थापित किये गए हैं। 30 नए कैम्प प्रस्तावित हैं। राज्य की सामाजिक न्याय योजनाओं के अंतर्गत नियाद नेल्लानार जैसी पहल शुरू की गई है, इसके तहत 96 गांवों में आवास, स्वास्थ्य, और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं।

राष्ट्रीय इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में राज्य इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) का गठन किया गया है। जिससे छत्तीसगढ़ में आतंकवाद, नक्सलवाद, वामपंथी उग्रवादी जैसे विशेष मामलों, प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी जांच से कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है। प्रदेश के बड़े हिस्से में फैला माओवाद का दायरा लगातार सिमट रहा है। प्रदेश सरकार वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ में माओवाद के खात्मे की रणनीति पर काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इसके साथ ही, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कई कार्यक्रम लागू किए हैं, जिनमें वनीकरण, स्वच्छता और जल प्रबंधन शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में एफएल-10 लाइसेंस समाप्त कर ब्रांडेड शराब की बिक्री में प्रतिबंध लगाया गया है। इस फैसले से शराब खरीदी में बिचौलियों का रोल पूरी तरह खत्म हो गया है। सरकार ने शराब की अवैध बिक्री रोकने और उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए बोतलों पर नए होलोग्राम लगाने की पहल की है। इससे अवैध शराब की पहचान आसान होगी और राजस्व बढ़ेगा।

छत्तीसगढ़ की पहल को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया है। हाल ही में आईआईएम रायपुर में आयोजित सुशासन कार्यशाला में कैबिनेट मंत्रियों को प्रशिक्षित किया गया, जिससे प्रशासनिक दक्षता में सुधार हुआ। छत्तीसगढ़ सरकार ने सुशासन के सभी पहलों के माध्यम से जनता के हित व राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाया है।

*-सचिव, मुख्यमंत्री एवं सुशासन अभिसरण विभाग*

## विश्लेषण

योगेश कुमार गोयल



# कितने 'एग्जेक्ट' साबित होंगे एग्जिट पोल?

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के लिए अंतिम चरण के मतदान की प्रक्रिया के समापन के साथ ही तमाम टीवी चैनलों द्वारा विभिन्न सर्वे एजेंसियों के सहयोग से एग्जिट पोल का प्रसारण कर दिया गया। लगभग सभी एग्जिट पोल्स में जहां महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की जीत की संभावना जताई गई है, वहीं झारखंड में कांटे का मुकाबला दर्शाया गया है। महाराष्ट्र के लिए आए सभी एग्जिट पोल में से 6 में भाजपा गठबंधन यानी महायुति की सरकार जबकि 4 में कांग्रेस गठबंधन यानी महाविकास अघाड़ी को बहुमत का अनुमान है। इसी प्रकार झारखंड के लिए 4 में भाजपा गठबंधन और 2 में इंडिया ब्लॉक को बहुमत के आसार जताए गए हैं जबकि 2 एग्जिट पोल्स ने त्रिशंकु विधानसभा के आसार जताए हैं। महाराष्ट्र की कुल 288 विधानसभा सीटों में चाणक्य स्ट्रैटजीज के एग्जिट पोल में महायुति गठबंधन को 152 से 160 सीटें मिलने की उम्मीद जताई गई है जबकि महाविकास अघाड़ी को 130 से 138 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। वहीं, पी-एमएआरक्यू के एग्जिट पोल में महायुति को 137 से 157 सीटें जबकि महाविकास अघाड़ी को 126 से 146 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की गई है। न्यूज 18 मैट्रिज के एग्जिट पोल में महायुति गठबंधन को 150 से 170 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है जबकि महाविकास अघाड़ी को 110 से 130 सीटें मिलने का अनुमान है।

पोल ऑफ पोल्स में भाजपा की अगुवाई वाले महायुति गठबंधन को 146 सीटें और कांग्रेस की अगुवाई वाले महाविकास अघाड़ी को 129 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है, अन्य के खाते में 13 सीटें जाने की उम्मीद जताई गई है। इसी प्रकार झारखंड की कुल 288 विधानसभा सीटों में बहुमत का आंकड़ा 41 है और यहां मैटराइज, चाणक्य, पीपुल्स पल्स तथा टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल में राज्य में एनडीए की बहुमत वाली सरकार बनने का अनुमान व्यक्त किया है जबकि एक्सिस माय इंडिया और पी मार्क के एग्जिट पोल के मुताबिक राज्य में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बन सकती है। एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन को 53 सीटें और एनडीए को 25 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। चूंकि अनेक अवसरों पर यह साबित हो चुका है कि अधिकांश एग्जिट पोल वास्तविक चुनावी नतीजों से मेल नहीं खाते और शायद यही कारण है कि लगभग सभी टीवी चैनल भी अब एग्जिट पोल का प्रसारण करते समय यह उल्लेख करते रहते हैं कि ये केवल एग्जिट पोल हैं, एग्जेक्ट पोल नहीं। अब यह तो 23 नवंबर को चुनाव परिणाम सामने आने के बाद स्पष्ट हो ही जाएगा कि इस बार के एग्जिट पोल सटीक साबित होते हैं या केवल हवा-हवाई। दरअसल पिछले कुछ चुनावों में कुछेक एग्जिट पोल के अनुमान भले ही काफी हद तक चुनाव परिणामों के करीब रहे हों लेकिन यह भी सच है कि कम से कम भारत में तो एग्जिट पोल का इतिहास ज्यादा सटीक नहीं रहा है। पिछले महीने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भी जितने एग्जिट पोल सामने आए थे, सभी बुरी तरह धराशायी हुए थे।

दरअसल सभी एग्जिट पोल में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की भविष्यवाणी की गई थी लेकिन उसके बिल्कुल उलट भाजपा ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल कर लगातार तीसरी बार सरकार बनाई थी। 4 जून को आए लोकसभा चुनाव नतीजों ने भी एग्जिट पोल की विश्वसनीयता को लेकर बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाया था। तब भी अधिकांश एग्जिट पोल में भाजपा के 300 के करीब सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया था लेकिन भाजपा 240 सीटों पर ही सिमट गई थी। कई एग्जिट पोल्स ने तो एनडीए को 350 से 400 तक सीटें मिलने की भी भविष्यवाणी कर डाली थी लेकिन वास्तविक नतीजों में एनडीए 300 सीटों का आंकड़ा भी नहीं छू पाया था। वैसे तो एग्जिट पोल ओपिनियन पोल का ही हिस्सा होते हैं किन्तु ये मूल रूप से ओपिनियन पोल से अलग होते हैं। ओपिनियन पोल में मतदान करने और नहीं करने वाले सभी प्रकार के लोग शामिल हो सकते हैं। एग्जिट पोल में प्रायः मीडिया से आ रही खबरों, चुनाव का इतिहास और हवा के रूख का घालमेल भी शामिल रहता है। जब कोई मतदाता अपना मत देकर मतदान केन्द्र से बाहर निकलता है तो एग्जिट पोल कराने वाली एजेंसियां उससे उसका रूझान पूछ लेती हैं। ऐसे में यह पता लगा पाना आसान नहीं होता कि मतदाता ने अपना वोट किसे दिया है। बहरहाल, अब देखना यही है कि एग्जिट पोल आखिर कितने 'एग्जेक्ट' पोल साबित होते हैं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित

दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। विश्व, यहां से वहां तक,

एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते, क्योंकि अपने अस्तित्व के बिना यह विस्मरण भी बिल्कुल ही असंभव है।

## जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें




संकलित

प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के

शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है। उस समय हमें कोई रास्ता नहीं दिखाई देता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**प्रदूषण पर राजनीति नहीं, काम करो**

हमारे देश में सबसे बड़ी और जानलेवा समस्या वायु प्रदूषण पर भी राजनीति होती है। माना कि सर्दियों में वायु प्रदूषण का एक कारण पराली जलाना हो सकता है, लेकिन क्या पहले पराली नहीं जलाई जाती थी? पिछले कुछ वर्षों से ही पराली क्यों वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है? अब तो कुछ किसान पराली को शायद नहीं जलाते हैं। क्या वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बढ़ती जनसंख्या के कारण कंक्रीट के जंगलों की बढ़ोतरी नहीं? क्या दिन प्रतिदिन बढ़ती वाहनों की संख्या वायु प्रदूषण का कारण नहीं? सड़कों के निर्माण के लिए जो धड़ाधड़ वृक्षों पर कुल्हाड़ी चल रही है, क्या इससे पर्यावरण साफ-सुथरा रहेगा? महात्मा गांधी ने कहा था कि आधुनिक शहरी औद्योगिक सभ्यता में ही उसके विनाश के बीज निहित हैं। प्रदूषण पर राजनीति नहीं, काम करने की जरूरत है। *- वीरेंद्र कश्यप, रायगढ़*

## ट्रेंड

**भारत-गुयाना मित्रता**



मैं 'द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली, सरकार और गुयाना के लोगों का आभारी हूं। यह सम्मान भारत के लोगों का है। आने वाले समय में भारत-गुयाना मित्रता और भी मजबूत हो।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**ऐतिहासिक विजय !**



भारत की बेटियों ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में चीन को 1-0 से पराजित कर इतिहास रच दिया है। बेटियों की इस उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है। मैं सभी बेटियों को इस ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

**डबल इंजन की सरकार**



जब अपने कार्यकर्ता पर बात आई तो भाजपा की मंत्री महोदया को ये पूछना पड़ गया कि 'ज़ीरो टालरेंस की बात करने वाली सरकार कहाँ है' इन्हें पूछना चाहिए था कि 'डबल इंजन की सरकार कहाँ है?'

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

**एआई का इस्तेमाल**



तकनीक एआई का स्वामित्व संभव नहीं है। हममें से सबसे प्रतिभाशाली लोग सीखेंगे कि इसका उपयोग कैसे करना है। मेरा अनुमान है कि युवा भारतीय इसे अपना लेंगे और 5 वर्षों में जीडीपी को एक ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ा देंगे

-शेखर कपूर, फिल्मकार



## करंट अफेयर


# आइसलैंड के रेक्जानेस में साल में सातवीं बार फटा ज्वालामुखी



दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में रेक्जानेस प्रायद्वीप पर बुधवार देर शाम एक ज्वालामुखी फट गया और इससे भीषण लावा निकला। दिसंबर के बाद से इस ज्वालामुखी में यह सातवां विस्फोट है। भूकंपीय गतिविधि पर नज़र रखने वाले आइसलैंड के मौसम विज्ञान कार्यालय ने कहा कि बुधवार को रात 11:14 बजे विस्फोट हुआ जिससे लगभग तीन किमी (1.8 मील) लंबी दरार बन गई, लेकिन अनुमान है कि यह विस्फोट अगस्त में हुए पिछले विस्फोट से काफी छोटा है। इस घटना की निगरानी के लिए नागरिक सुरक्षा एजेंसी के साथ घटनास्थल पर उड़ान भरने वाले भूभौतिकी के प्रोफेसर मैग्नस टुमी गुआमुंडसन ने राष्ट्रीय प्रसारक आरयूवी को बताया 'यह पिछले विस्फोट और मई में हुए विस्फोट से थोड़ा छोटा है।' हालांकि विस्फोट से हवाई यात्रा को कोई खतरा नहीं है लेकिन अधिकारियों ने प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में गैस उत्सर्जन की चेतावनी दी है जिसमें पास का शहर ग्रिंडाविक भी शामिल है। आरयूवी के अनुसार नागरिक सुरक्षा एजेंसी की ओर से अलर्ट जारी किए जाने के बाद ब्लू लैगून रिजॉर्ट में मौजूद लोगों के साथ-साथ लगभग 50 घरों को खाली करा लिया गया।

## ऑफ बीट

# उम्र बढ़ना एक जटिल प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं



आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते होंगे, जो अपनी वास्तविक उम्र से छोटा दिखाई देता होगा। इसी तरह आप ऐसे लोगों के भी संपर्क में आए होंगे, जो अपनी उम्र से काफी बड़े नजर आते हैं। क्या कारण है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं होती? मैंने अपने पूरे करियर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया (एजिंग) पर अध्ययन किया है। मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से संबंधित कोशिकीय एवं आणविक विज्ञान का प्रोफेसर हूं। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े अनुसंधान में ऐसा समाधान नहीं तलाशा जाता, जो ढलती उम्र में आपको होने वाली हर बीमारी से निजात दिला सके। बल्कि, पिछले एक या दो दशक में हुए शोध इस ओर इशारा करते हैं कि 'एजिंग' एक बहुकारकीय प्रक्रिया है और इसे महज एक उपाय से नहीं रोका जा सकता। 'एजिंग' क्या है? -एजिंग की अलग-अलग परिभाषाएं हैं, लेकिन वैज्ञानिक आमतौर पर कुछ समान कारकों पर सहमत होते हैं : उम्र बढ़ने की प्रक्रिया समय पर निर्भर करती है, जो व्यक्ति को बीमारियों, चोट और मौत के खतरे के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।

# संस्कृति, व्यंजन, क्रिकेट भारत-गुयाना को आपस में जोड़ते हैं: प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने (स्थानीय समय) को भारत और गुयाना के बीच मजबूत संबंधों पर प्रकाश डाला और संस्कृति, भोजन और क्रिकेट में साझा समानता पर जोर दिया। गुयाना के जॉर्जटाउन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्रिकेट विशेष रूप से एक गहरे संबंध का काम करता है। उन्होंने कहा, क्रिकेट के प्रति प्रेम भी हमारे देशों को मजबूती से जोड़ता है। यह केवल एक खेल नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है, जो हमारी राष्ट्रीय पहचान में गहराई से समाया हुआ है। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, क्रिकेट के माध्यम से जुड़ना! गुयाना के प्रमुख क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ एक सुखद बातचीत। इस खेल ने हमारे देशों को करीब लाया है और हमारे सांस्कृतिक संबंधों को गहरा किया है।




प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-गुयाना समुदाय में अनूठी खाद्य परंपराओं को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा, भारत-गुयाना समुदाय की एक अनूठी खाद्य परंपरा भी है जिसमें भारतीय और गुयाना दोनों तत्व हैं - मैंने सुना है कि यहां दालपुरी लोकप्रिय है..., उन्होंने समुदाय की विशेषता बन चुके सांस्कृतिक मिश्रण को मान्यता देते हुए कहा। अपनी निजी यात्रा पर विचार करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ...मैं राष्ट्रपति अली को अपने घर के दरवाजे मेरे लिए खोलने के लिए धन्यवाद देता हूँ... राष्ट्रपति अली और उनकी दादी के साथ, हमने एक पेड़ भी लगाया - यह हमारी पहल - 'एक पेड़ माँ के नाम' का हिस्सा है। यह एक भावनात्मक क्षण था जिसे मैं हमेशा याद रखूँगा। मुझे गुयाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस को प्राप्त करने पर बहुत सम्मानित महसूस हुआ।

### प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के विकास पर प्रकाश डाला

इसके अतिरिक्त, उन्होंने भारत के विकास और इसके वैश्विक महत्व के बारे में बात करते हुए कहा, गुयाना के लोग भारत के शुभचिंतक हैं। आप भारत में हो रही प्रगति को करीब से देख रहे होंगे... केवल 10 वर्षों में, भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जल्द ही हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएँगे। हमारे युवाओं ने हमें दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बना दिया है... हम मंगल और चंद्रमा तक पहुँच चुके हैं।

### भारत-गुयाना समुदाय पर प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-गुयाना समुदाय के लिए गुयाना उनकी मातृभूमि है और 'भारत माता' उनकी पूर्वज भूमि है। भारत के विकास के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह न केवल प्रेरणादायक है बल्कि समावेशी भी है। यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को गुयाना पहुँचे, जो 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की देश की पहली यात्रा है।

## हर चुनाव खोट से जीतना चाहती है भाजपाः अखिलेश यादव

संवाददाता

लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह हर चुनाव खोट से जीतना चाहती है और हर चुनाव में लूट तंत्र अपनाती है। यादव ने उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीट केउपचुनाव का जिक्र करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा, उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने वोट की लूट की। वे (भाजपा के लोग) हर चुनाव खोट से जीतना चाहते हैं। हर चुनाव में वे कुछ न कुछ लूट तंत्र अपनाते हैं। उन्होंने कहा, ... पहली बार आपने देखा होगा कि ..पुलिस, प्रशासन एवं अधिकारी सब लगे हुए थे कि वोट डालने के लिए मतदाता घर से न निकल पाएं। उन्होंने कहा, क्या आप सोच सकते हैं कि अगर आप मुसलमान, समाजवादी पार्टी के पिछड़े, दलित, आदिवासी, महिला हैं ...तो आप वोट डालने नहीं जा सकते। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार में यह जो नए तरह का लोकतंत्र है, उसस सबसे बड़ा खतरा पैदा हुआ है। यादव ने कहा, लोकतंत्र को सबसे निचले स्तर पर भाजपा पहुंचा रही है। भाजपा को पता था कि उपचुनाव में वह हार रही है .... वे गिनती में नौ की नौ सीट हार जाते, इसलिए पूरी सरकार वोट लूटने में लगी हुई थी।



**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

## संक्षिप्त समाचार

## गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की

एजेंसी

नई दिल्ली, गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शाह ने दिल्ली के प्रत्येक निवासी को सुरक्षित महसूस कराने के महत्व को रेखांकित किया तथा इस बात पर बल दिया कि दिल्ली की सुरक्षा में जनता का विश्वास सुनिश्चित करना प्रत्येक पुलिस अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। अधिकारियों के अनुसार, गृह मंत्री ने दिल्ली की कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए एक बैठक की। बैठक में गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, दिल्ली पुलिस आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने पुलिस बल के निर्णायक तरीके से काम करने पर जोर दिया, ताकि राष्ट्रीय राजधानी में जन सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारी ने बताया कि बैठक के दौरान गृह मंत्री ने अपराध के प्रति सरकार की बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर जोर दिया और कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राष्ट्र प्रथम की भावना भारत की प्रगति की कुंजी हैः मुर्मू

एजेंसी

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुल्क को विकसित देश बनाने के लिए शुक्रवार को लोगों के बीच राष्ट्र प्रथम की भावना पैदा करने के महत्व पर जोर दिया। मुर्मू यहां राष्ट्रवादी विचारकों की एक संगोष्ठी, लोकमंथन-2024 के उद्घाटन के अवसर पर एक सभा को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि औपनिवेशिक शासकों ने न केवल भारत का आर्थिक शोषण किया बल्कि इसके सामाजिक ताने-बाने को भी नष्ट करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, (औपनिवेशिक) शासकों ने हमारी समृद्ध बौद्धिक



परंपराओं की उपेक्षा की, उन्होंने नागरिकों में सांस्कृतिक हीनता की भावना पैदा की। हमारी एकता को कमजोर करने के लिए ऐसी प्रथाएं हम पर थोपी गईं। सदियों की पराधीनता ने नागरिकों को गुलामी की मानसिकता में पहुंचा दिया। विकसित भारत के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना पैदा करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को विभाजित करने और कृत्रिम मतभेद पैदा करने के प्रयासों का उद्देश्य एकता को कमजोर करना था। हालांकि, उन्होंने कहा कि भारतीयता की भावना ने राष्ट्रीय एकता की लौ को जीवित रखा है।

## सहारनपुर में शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव किया गया

संवाददाता

सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में नई दिल्ली से देहरादून जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस पर अराजक तत्वों ने पथराव कर दिया जिससे सी 2 कोच का शीशा टूट गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसके अनुसार सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेल पुलिस बल (आरपीएफ) तुरंत ही घटनास्थल पर पहुंचे लेकिन तब तक अराजक तत्व फरार हो चुके थे। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 17 नवम्बर को दिल्ली देहरादून शताब्दी एक्सप्रेस करीब दस बजे दिन में सहारनपुर पहुंची और यहां इंजन बदलकर लगभग आधा घण्टे के बाद देहरादून रवाना हो गयी। उन्होंने बताया कि जब यह ट्रेन अस्पताल पुल और खानआलमपुरा यार्ड के बीच पहुंची तब कुछ अराजक तत्वों ने पथराव किया जिससे सी 2 कोच की सीट नम्बर 18 और 19 की खिड़की का शीशा टूट गया। मांगलिक के मुताबिक एक यात्री की सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक शरारती तत्व वहां से भाग चुके थे। मांगलिक ने बताया कि इस मामले मे खानआलमपुरा आरपीएफ चौकी प्रभारी सत्यप्रकाश ने बुधवार शाम पुलिस में तहरीर दी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

## आलू, प्याज की बढ़ती कीमतों को लेकर ममता ने जताई चिंता

एजेंसी

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आलू और प्याज की बढ़ती कीमतों को लेकर बृहस्पतिवार को चिंता जताई और उन्होंने इन सब्जियों को बाहर बेचे जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया। बनर्जी ने राज्य सचिवालय में एक बैठक के दौरान कहा, मैंने आलू और प्याज के पर्याप्त भंडार रखने के निर्देश दिए थे लेकिन इसका पालन नहीं किया गया है। कृपया भंडारण की स्थिति देखें और तुरंत रिपोर्ट दें। उन्होंने आरोप लगाया कि इन सब्जियों को राज्य से बाहर ले जाया गया है।

## काले झंडे लहराना अवैध या अपमानजनक नहीं : केरल उच्च न्यायालय

एजेंसी

नई दिल्ली, केरल की वाम सरकार को झटका देते हुए यहां उच्च न्यायालय ने कहा कि मुख्यमंत्री के काफिले के समक्ष काले झंडे लहराना कोई गैरकानूनी कृत्य नहीं है और यह मानहानि के समान नहीं है। न्यायमूर्ति बी कुरियन थॉमस का फैसला महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले साल राज्य सरकार के जनसंपर्क कार्यक्रम नव केरल सदास के दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को काले झंडे दिखाने के लिए कई युवा कांग्रेस कार्यकताओं को पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। न्यायमूर्ति थॉमस ने कहा, हालांकि दृष्टिगोचर होने वाले संकेत किसी व्यक्ति को बदनाम करने का एक तरीका हो सकते हैं, फिर भी किसी व्यक्ति को काला झंडा दिखाना या लहराना मानहानि नहीं हो सकता है और न ही यह एक अवैध कृत्य है। अदालत ने यह फैसला 2017 में यहां के पास उत्तरी परवूर से गुजर रहे विजयन के काफिले के आगे काले झंडे लहराने के लिए तीन व्यक्तियों के खिलाफ अंतिम रिपोर्ट को रद्द करते हुए दिया। अदालत ने कहा कि आम तौर पर काला झंडा लहराना विरोध दशार्ने का संकेत है और जब तक इसे प्रतिबंधित करने वाला कोई कानून नहीं बनाया जाता तब तक ऐसा आचरण मानहानि के अपराध के दायरे में नहीं आता।

## ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को जारी किया नोटिस, दो सप्ताह में मांगा जवाब

संवाददाता

लखनऊ, ज्ञानवापी मामलाः एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में कथित शिवलिंग का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की मांग वाली याचिका पर मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी किया। यह याचिका हिंदू पक्ष की ओर से कोर्ट में दाखिल की गई थी। इस पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ज्ञानवापी मामले में वाराणसी की निचली अदालत में चल रहे सभी 15 मामलों को हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने की हिंदू पक्ष की मांग पर सुनवाई कर रही थी।




सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मामला पेश करते हुए हिंदू पक्ष के वकील ने कहा कि कुछ याचिकाएं जिला जज और कुछ सिविल जज के समक्ष हैं। ऐसे में एक ही मामले पर अलग-अलग कोर्ट से अलग-अलग आदेश आ रहे हैं। इसलिए हमारी मांग है कि ज्ञानवापी से जुड़ी सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़कर इलाहाबाद हाईकोर्ट में तीन जजों की बेंच के समक्ष स्थानांतरित किया जाए। मुस्लिम पक्ष के वकील ने कहा कि हिंदू पक्ष वुजुखाना के सील किए गए इलाके का एएसआई सर्वे चाहता है। जिला कोर्ट ने इस मांग को खारिज कर दिया था, जिसके बाद हाईकोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी। हमने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। उस याचिका पर फैसला अभी लंबित है।

## आंखों में जलन, गले में खराश, प्रदूषण पर राहुल का बड़ा बयान

एजेंसी

नई दिल्ली, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर भारत में वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय आपातकाल है जिसके लिए राजनीतिक दोषारोपण के बजाय सामूहिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। गांधी ने अपना एक वीडियो साझा करते हुए एक्स पर लिखा कि उत्तर भारत में वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय आपातकाल है। एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट जो हमारे बच्चों का भविष्य छीन रहा है और बुजुर्गों का दम घोंट रहा है और एक पर्यावरणीय और आर्थिक आपदा है जो अनगिनत जिंदगियों को बर्बाद कर रहा है। उत्तर भारत के कई शहर, विशेष रूप से दिल्ली और इसके आसपास के शहर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद, पिछले कुछ हफ्तों से गंभीर



वायु प्रदूषण से जूझ रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि वायु प्रदूषण के कारण गरीबों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है, वे अपने आसपास की जहरीली हवा से बच नहीं पाते हैं, उन्होंने कहा कि जहरीली हवा पर्यटन और वैश्विक प्रतिष्ठा में भी गिरावट का कारण बन रही है। उन्होंने लिखा कि परिवार स्वच्छ हवा के लिए हांफ रहे हैं, बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और लाखों जिंदगियां खत्म हो रही हैं। पर्यटन घट रहा है और हमारी वैश्विक प्रतिष्ठा गिर रही है।

दिल्ली में शुक्रवार सुबह धुंध छाई रही और न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी रही तथा वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 373 दर्ज किया गया। दिल्ली के 38 निगरानी केंद्रों में से नौ में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, ये केंद्र आनंद विहार, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, नेहरू नगर, शादीपुर, सोनिया विहार, विवेक विहार और वजीरपुर हैं। चार सौ या इससे अधिक एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है और इससे स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है।

## राहुल गांधी सही हैं, अदाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए : लालू

एजेंसी

नई दिल्ली, , राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने भ्रष्टाचार के आरोपी उद्योगपति गौतम अदाणी की तत्काल गिरफ्तारी की कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मांग का पुरजोर समर्थन किया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने अमेरिका में अदाणी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों की पृष्ठभूमि मेंशुक्रवार को यहां संवाददाताओं के सवालों के जवाब में यह बात कही। कांग्रेस के पुराने सहयोगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कट्टर विरोधी प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी सही हैं। अदाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। राजद अध्यक्ष, जो संयोगवश चारा घोटाले के कई मामलों में दोषी ठहराए जा चुके हैं और जमानत पर हैं। संवाददाताओं ने उनसे झारखंड में विपक्षी इंडिया गठबंधन की



संभावनाओं के बारे में भी पूछा। उन्होंने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा, मैं अपने उस बयान पर ध्यान केंद्रित करना चाहूंगा कि अदाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। मैं झारखंड में नयी सरकार के बारे में ज्यादा चिंतित नहीं हूं, जहां हम पहले से ही सत्ता में हैं। झारखंड में इंडिया गठबंधन और भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बीच सीधा मुकाबला है, जिसमें नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जनता दल (यूनाइटेड) शामिल है, जो लालू प्रसाद के कट्टर प्रतिद्वंद्वी और बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, सचिवों की अयोग्यता पर लगाई रोक

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर आंशिक रूप से रोक लगा दी है, जिसने राज्य में छह संसदीय सचिवों की नियुक्ति को रद्द कर दिया था। शीर्ष अदालत का फैसला उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर आया, जिसने नियुक्त विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से रोक दिया था। हिमाचल प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी, जिसने छह संसदीय सचिवों की नियुक्तियों को अवैध घोषित कर दिया था और फैसला सुनाया था कि ये पद संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन हैं। राज्य सरकार ने तर्क दिया कि नियुक्तियाँ कानून के दायरे में की गईं, और उच्च न्यायालय के फैसले पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखी है, जिससे नियुक्त विधायकों को फिलहाल पद पर बने रहने की अनुमति मिल गई है। हालांकि, कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अंतिम फैसला आने तक हिमाचल प्रदेश में संसदीय सचिव के पद पर कोई नई नियुक्ति नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने उन याचिकाकताओं को नोटिस जारी किया जिन्होंने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। याचिकाकताओं को दो सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। कानूनी विवाद 13 नवंबर को उच्च न्यायालय के फैसले से उत्पन्न हुआ है, जिसने संसदीय सचिवों के पद पर छह विधायकों की नियुक्तियों को असंवैधानिक मानते हुए रद्द कर दिया था। इन पदों को ऐसे पदों के निर्माण के संबंध में शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित सिद्धांतों का उल्लंघन माना गया था।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202411020700119/**

**मामले की श्रेणी:- राजस्व**

**विषय:- अ-6**

**सन:- 2024-2025**

अंबिकापुर (प ह न. 00015),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार-महिमा खलखो, अनावेदक पक्षकार -धनेश्वरी,

**ईश्तहार**

आवेदिका महिमा खलखो पुत्री स्व० बीरबल खलखो निवासी जोडापीपल के पास अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 4409/1, 4412 रकबा 0.065, 0.198 हे० भूमि के राजस्व अभिलेखो में पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 07.09.2022 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16.12.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार

तहसील-अम्बिकापुर

## समितियों में अवैध धान के विक्रय, रिसाइक्लिंग पर रोक लगाने प्रशासन गंभीर

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुसार धान उपार्जन केंद्रों में अवैध धान के विक्रय पर रोक लगाने जिला प्रशासन द्वारा गम्भीरता से कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में जिले के सहकारी समितियों में अवैध धान के आवक, धान की रिसाइक्लिंग, कोचियों-बिचैलियों के धान की विक्रय एवं राजस्व भूमि पर कब्जाकर लगाए गए धान की बिक्री को रोकने हेतु राजस्व अमला द्वारा मुश्तैदी से कार्य किया जा रहा है।

इस हेतु प्रशासन द्वारा समितियों में धान के आवक पर निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में कोरबा विकासखण्ड के ग्राम खैरभवना में तहसीलदार अजगरबहार श्री मनहरण राठिया एवं राजस्व टीम द्वारा लगभग 1.68 एकड़ शासकीय भूमि में कब्जा कर लगाए गए फसल पर जब्ती की कार्यवाही की गई है। जिससे इस धान की बिक्री उपार्जन केंद्र में पंजीकृत खाते से नही हो पाए।

गौरलतब है कि यह भूमि बांगो परियोजना के तहत 30-40 वर्ष पूर्व शासन द्वारा अधिग्रहित किया गया है। जिस पर गंगा सिंह कंवर द्वारा फसल लगाकर कब्जा किया गया था। राजस्व विभाग द्वारा इस पर संज्ञान लेकर कार्यवाही की गई है। जिससे जिले के पंजीकृत किसानों का वैध धान ही समितियों में विक्रय हो।

# धान के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर जिला प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई

**0 लटोरी, मझगवां व सूरजपुर से 207 क्विंटल धान जप्त**
**0 प्रशासन की सक्रियता से बिचौलियों में हड़कंप**

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**सूरजपुर।** अवैध रूप से खरीदी केंद्रों में धान खपाने सक्रिय बिचौलियों पर नकेल कसने के लिए जिला प्रशासन की टीम लगातार कार्रवाई करने में लगी हुई है। शिकायत व सूचना पर बगैर देर किए टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर रही है। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर जिले के सहकारी समितियों में अवैध धान की आवक, रिसाइक्लिंग, कोचियों बिचौलियों द्वारा धान के अवैध विक्रय को रोकने के लिए जिला प्रशासन गंभीरता के साथ सक्रिय है। इससे पूर्व भी जिले में अवैध धान बेचने की फिराक में लगे बिचौलियों पर कार्रवाई के लिए टीमें गठित की गई थी परंतु कार्रवाई सिर्फ दिखावे तक ही सीमित रही थी मगर इस बार बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर जिला प्रशासन काफी सख्त व गम्भीर है। जिसका असर देखने को भी मिल रहा है और लगातार अवैध धान जप्त किये जा रहे है वहीं धान बेचने की फिराक में लगे कोचियो पर कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को प्रशासन की टीम ने तीन स्थानों से करीब 207 किविंटल धान जप्त किया गया है।








जिले में हो रही लगातार धान जप्ती की कार्रवाई से इस सीजन में लाखो कमाने का ख्वाब देखने वाले बिचौलिए सकते में है। शनिवार को एसडीएम प्रतापपुर के नेतृत्व में ग्राम मझगवा तहसील प्रतापपुर के राजकुमार यादव पिता रामचंद्र यादव के दुकान में बने गोदाम से धान जब्त किया गया। उक्त गोदाम में 130 बोरियो में भरा करीब 52 क्विंटल पुराना धान पाया गया, जिसे धान खरीदी सोसाइटी में बिक्री की नियत से अवैध भण्डारण किया गया था। पूरे धान को जप्त किया जाकर सरपंच श्रीमती मोहरमनिया के सुपुर्द में दिया गया। यहां हुई कार्रवाई में नायब तहसीलदार, फूड इंस्पेक्टर, हल्का पटवारी, अन्य पटवारीगण एवम सरपंच सयुक्त रूप से शामिल रहे।

वहीं दूसरे मामले में ग्राम लटोरी के मुन्शीपाल सिंह पिता सुभाषचंद्र सिंह, फुटकर व्यापारी के दुकान से 350 बोरो में भरा 140 क्विंटल अवैध भंडारित धान की जप्ती की कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई नायब तहसीलदार लटोरी शैलेंद्र दिवाकर के द्वारा की गई है जिसमे मंडी सचिव रामधनी भगत भी शामिल रहे है। जबकि तीसरी कार्रवाई में सूरजपुर बाजार गली से अवैध धान परिवहन पर की गई कार्रवाई में पिकअप क्रमांक सीजी 16 सीएन 3184 से धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था। जिसमे से 50 बोरा धान वजन करीब 25 क्विंटल अनुमानित को परिवहन करते पाए जाने पर व्यापारी संदीप साहू, निवासी कुड़ेली जिला कोरिया से छ ग कृषि उपज मंडी अधिनियम के तहत यह धान जप्त कर कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में दिया गया।

# जिले को विकास की पंक्ति में खड़ा करने स्वीकृत कार्यो को युद्धस्तर पर करें पूर्ण : जयवर्धन

**0 निर्माण एजेंसियों की कलेक्टर ने ली बैठक**
**0 बोले-निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय का रखे ध्यान**

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**सूरजपुर।** शनिवार को यहां संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एस.जयवर्धन ने सर्व निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, समय सीमा पर पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये । लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क, नेशनल हाइवे, सीजीएमएससी, हाउसिंग बोर्ड, जल संसाधन, जल संसाधन विभाग, सेतु विभाग इत्यादि के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा जिले को विकास की पंक्ति में खड़ा करने के लिए स्वीकृत कार्यो को योजनाबद्ध व युद्धस्तर पर पूर्ण करना है।उन्होंने कहा अधिकारी अपने विभागों के कार्यों का मूल्यांकन करें।इसके साथ ही अति आवश्यक निर्माण कार्य की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये ताकि आवश्यक संकलित निर्माण कार्यो की सूची का प्रस्ताव भेज कर कार्य व बजट की स्वीकृति कराई जा सके। बैठक में पीडब्ल्यूडी विभाग के साथ सड़क निर्माण को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें सड़क के संरचनात्मक ढांचा सुदृढ़ बने इस दिशा में आवश्यक मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए गए। सड़क की नींव सही तरीके से निर्मित हो इसके लिए मूल सड़क के निर्माण कार्य से पूर्व मिट्टी के संघनन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ताकि सुदृढ़ सड़क का निर्माण हो सके। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# 28 से होगा विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का होगा आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा उत्सव जिला सूरजपुर में कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में 28 नवंबर को समस्त विकासखण्ड मुख्यालय में किया जायेगा। खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय ने बताया कि प्रथम चरण में युवा उत्सव का आयोजन विकासखण्ड स्तर से प्रारंभ किया जाता है। विकासखण्ड स्तर से चयनित प्रतिभागी दल जिला स्तर तथा जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी, दल राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेते है। विकासखण्ड स्तरीय आयोजन के नोडल समस्त जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सहायक नोडल समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नियुक्त किया गया है तथा समस्त आयोजन के सफल

**विजेता प्रतिभागी व दल जिला स्तर में होंगे शामिल**

संचालन एवं सहयोग हेतु शरदेन्दु कुमार शुक्ल, सहा. जिला क्रीड़ा अधिकारी को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। शासन द्वारा इस वर्ष युवा उत्सव का उ?द्देश्य राज्य के प्रत्येक जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से वृहद् स्तर पर आयोजन कर राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2024 हेतु राज्य के प्रतिनिधि दल का चयन करना है। युवा उत्सव में 13 विधायें सम्मिलित की गई है, जिसमें सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प एवं कृषि उत्पाद शामिल है, जिसमें से केवल रॉकबैंड विधा ही जिला स्तर पर आयोजित किया जायेगा। युवा उत्सव में 15 से 29 आयु वर्ग के महिला, पुरूष प्रतिभागी व दल भाग ले सकते है। आयोजन में भाग लेने अथवा किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु प्रतिभागी दल कार्यालयीन दिवस में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय अथवा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं पंकज डोंगरे से संपर्क कर सकते है।

# राज्य की नई औद्योगिक नीति को हमने रोजगार परक बनाया है : मुख्यमंत्री

**रायपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर के मेफेयर रिसार्ट में छत्तीसगढ़ राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 को लांच किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने इस नई नीति को रोजगार परक और विजन-2047 के अनुरूप विकसित भारत के निर्माण की परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए विकसित छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण का लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यदि कोई उद्योग एक हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देता है तो हम उसे बी-स्पोक पॉलिसी के तहत और अधिक रियायतें देंगे। युवाओं को रोजगार मूलक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर हमने इस नीति में प्रति व्यक्ति 15 हजार रूपये प्रतिमाह तक का अनुदान देने का प्रावधान भी किया है। हमने पहली बार इस नीति के माध्यम से राज्य में पर्यटन एवं स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं में निवेश को भी प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। हमारा राज्य देश के मध्य में स्थित है, आने वाले वर्षों में हम अपनी भौगोलिक स्थिति, आवागमन के आधुनिक साधनों और आप सबकी भागीदारी से प्रदेश को देश का ''हेल्थ हब'' बनाने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगदलपुर के नजदीक हम लगभग 118 एकड़ भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण प्रारंभ करने जा रहे हैं। पूर्व के ''न्यूनतम 20 एकड़ भूमि'' के स्थान पर अब हमने ''15 एकड़ भूमि'' पर निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्क की स्थापना की अनुमति देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ संभवत: देश में पहला राज्य है, जिसने युवा अग्निवीरों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को स्वयं के रोजगार धन्धे स्थापित करने पर विशेष अनुदान एवं छूट का प्रावधान किया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वयं का रोजगार उपलब्ध कराने हेतु भी कटिबद्ध हैं। इसके लिए हम इन वर्गों के उद्यमियों को मात्र 1 रूपये प्रति एकड़ की दर पर औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि दे रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी कोशिश होगी कि उद्योग स्थापना एवं संचालन में सरकारी हस्तक्षेप न्यूनतम हो एवं यथासंभव सेल्फ सर्टिफिकेशन अथवा ऑनलाइन माध्यम से हो ताकि आपके उद्योग हेतु आपको सरकार के पास आने की आवश्यकता ना हो। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, वन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और मुख्य सचिव अमिताभ जैन, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन अमर परवानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और उद्योगपति मौजूद रहे। नई औद्योगिक नीति के लांचिंग अवसर पर वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार ने नवीन औद्योगिक विकास नीति का विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया।

छत्तीसगढ़ की औद्यौगिक विकास नीति 2024-30 को राज्य में 01 नवबंर 2024 से लागू किया गया है। यह नीति उद्योगों को निवेश करने, नये रोजगार सृजन करने और आर्थिक विकास को गति देने के लिये एक मजबूत आधार प्रदान करेगी। इस नीति के माध्यम से राज्य के युवाओं के लिए कौशलयुक्त रोजगारों का सृजन करते हुये अगले 5 वर्षों में 5 लाख नए औपचारिक क्षेत्र के रोजगार का लक्ष्य रखा गया है। इस नीति मैं स्थानीय श्रमिकों को औपचारिक रोजगार में परिवर्तित करने के लिए प्रशिक्षण कर प्रोत्साहन का प्रावधान करते हुये 1000 से अधिक रोजगार प्रदाय करने वाली इकाईयों को प्रोत्साहन के अतिरिक्त विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में सहभागिता के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला उद्यमियों, सेवानिवृत्त अग्निवीर, भूतपूर्व सैनिकों (जिनमें पैरा मिलेट्री फोर्स भी सम्मिलित है), नक्सल प्रभावित, आत्म-समर्पित नक्सलियों एवं तृतीय लिंग के उद्यमों का अतिरिक्त प्रोत्साहन दिये जाने का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की परिभाषा को भारत सरकार द्वारा परिभाषित एम.एस.एम.ई. के अनुरुप किया गया है।

## शराब के नशे में किया पत्नी की हत्या, आरोपी गया जेल

**गरियाबंद, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में शराब के नशे में हत्या करने की घटना लगातार बढ़ती ही जा रही है,इसी शराब के नशे के चलते बीते रात को पुन: एक व्यक्ति के द्वारा अपनी पत्नी को मौत की नींद सुला दिया।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार 12 नवंबर के रात को जिला मुख्यालय से दो किलोमीटर दूर ग्राम डोंगरी गांव निवासी डीलेश्वर ध्रुव अपनी पत्नी लक्ष्मी बाई के साथ शराब पिया और इसी बीच दोनों पति पत्नी के बीच विवाद हो गया, और विवाद इतना बढ़ा कि दोनों को बीच हाथापाई भी हुआ जिससे लक्ष्मी बाई को चोट लगी,और दोनों लड़ते लड़ते वापस अपने घर आए।वही 13 नवंबर को फिर डीलेश्वर के द्वारा नशे की हालत में मारपीट किया गया जिससे लक्ष्मी को गंभीर चोट लगी,और लक्ष्मी को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

## सीजीडब्ल्यूबी का चौथा इंडक्शन प्रशिक्षण कोर्स शुरू, पहले बैच के अधिकारियों का प्रशिक्षण पूर्ण

रायपुर, **छ.ग. फ्रंटलाइन।** राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आरजीएनजीडब्ल्यूटीआरआई) ने आज केंद्रीय भूमिजल मंडल (सीजीडब्ल्यूबी) के 26 नवीनतम भर्ती ग्रुप ए वैज्ञानिक अधिकारियों के लिए अपने वन यर इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स के चौथे बैच का उद्घाटन किया। समारोह में डॉ एस के अम्बास्ट, अध्यक्ष, सीजीडब्ल्यूबी और केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए), मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वन यर इंडक्शन लेवल ट्रेनिंग कोर्स के पहले बैच के 12 ग्रुप ए वैज्ञानिक अधिकारियों को समापन प्रमाण पत्र और पोझिशन ऑफ मेरिट पदक दिए गए।

आरजीएनजीडब्ल्यूटीआरआई के क्षेत्रीय निदेशक, निधीश वर्मा ने अपने स्वागत भाषण में अधिकारियों को नौकरी के लिए तैयार करने में प्रशिक्षण के महत्व पर बल दिया। डॉ एस के अम्बास्ट ने प्रशिक्षुओं को अपने पेशेवर दृष्टिकोण और गतिविधियों में केंद्रित, अनुशासित और संवेदनशील रहने की सलाह दी। निधीश वर्मा ने स्नातक अधिकारियों को बधाई दी और उनके भविष्य के पेशेवर करियर की शुभकामना की। डॉ एस के अम्बास्ट ने उन्हें समर्पण और एकता के साथ काम करने और संगठन द्वारा किए गए प्रयासों को उनकी पेशेवर प्रतिबद्धताओं के माध्यम से प्रतिबिंबित करने की याद दिलाई।

# नारायणपुर में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**ए-आज़ाद वेल्फेयर फाउंडेशन एवं एसारपीआर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का संयुक्त आयोजन**






**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**सूरजपुर।** शनिवार को जिले के रामानुजनगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत नारायणपुर के स्कूल ग्राउंड चिखलापारा में ए-आज़ाद वेल्फेयर फाउंडेशन एवं एसारपीआर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ए आजाद वेलफेयर फाउंडेशन के चेयरमैन सैय्यद आमिल एवं उनकी पूरी टीम और एसारपीआर होस्पिटल के डॉ0 रुद्र प्रसाद साहू एम. डी. मेडिसिन, डॉ0 भगवान लक्ष्मण कांबले जनरल सर्जन, डॉ0 बी. राकेश हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ0 बी.वी. सरन्या स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ0 अंकित पवार शिशु रोग विशेषज्ञ अपनी पूरी मेडिकल टीम सहित सेवा में उपस्थित रहे। नारायणपुर सहित आस पास के लगे हुए अन्य सभी गावों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में आकर निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया जिसमें हेल्प चेकअप, डॉक्टर परामर्श एवं निशुल्क दवाएं भी वितरण किए गए।

**शिविर में संजीवनी कार्ड हुआ लॉन्च**

ए आजाद वेलफेयर फाउंडेशन एवं एसारपीआर हॉस्पिटल सूरजपुर के द्वारा जारी किया गया एक वर्ष की वैधता के साथ संजीवन कार्ड जिसमें ग्रामीणों एवं मरीजों को आज के शिविर के बाद भी उन्हें एसारपीआर हॉस्पिटल सूरजपुर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं लेने में होगी आसानी एवं संजीवनी कार्ड के माध्यम से मिलेगी छूट भी मिलेगी। शिविर में पंजीकृत लोगों के नाम से यह कार्ड बनाकर वितरण किया गया जिससे कार्ड धारी व्यक्ति एवं उनके परिवार के सदस्य इस होस्पिटल में जाकर निशुल्क रजिस्ट्रेशन, निशुल्क डॉक्टर परामर्श और निशुल्क शुगर बी.पी. जांच की सुविधाएं ले पाएंगे साथ ही आयुष्मान योजना के तहत् निशुल्क इलाज भी करा पाएंगे।

# एनटीपीसी कोरबा ने कुपोषित बच्चों के लिए 'पोषण आहार वितरण' कार्यक्रम आयोजित किया

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** एनटीपीसी अस्पताल कोरबा ने अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) विभाग के सहयोग से 'पोषण आहार वितरण' कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य आसपास के क्षेत्रों के कुपोषित बच्चों को सहायता प्रदान करना था। यह कार्यक्रम 14 नवम्बर 2024 को आयोजित किया गया और इसमें 1 से 10 वर्ष के बीच के बच्चों को ध्यान में रखते हुए कुपोषण को दूर करने और बेहतर स्वास्थ्य परिणामों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

इस पहल के तहत, 28 कुपोषित बच्चों को पोषण संबंधी सप्लीमेंट्स, मल्टीविटामिन, आयरन और फोलिक एसिड की गोलियाँ और विटामिन डी वितरित किए गए। यह कार्यक्रम एनटीपीसी की निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समुदाय में संतुलित आहार के महत्व, एनीमिया के पहचान और उपचार, और बच्चों के नियमित विकास की निगरानी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:-

- समुदाय को संतुलित आहार और उचित पोषण के महत्व के बारे में शिक्षा देना।
- पोषण संबंधी कमी को पूरा करने के लिए स्थानीय रूप से उपलब्ध खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ावा देना।
- कुपोषण का सामना कर रहे बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य सप्लीमेंट्स प्रदान करना।
- बच्चों के विकास की निगरानी करना और एक वर्ष तक पंजीकृत प्रतिभागियों के साथ फॉलो-अप करना।

एनटीपीसी कोरबा अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. विनोद कोल्हटकर ने कहा, यह कार्यक्रम हमारे समुदाय में बढ़ती हुई बचपन के कुपोषण की चिंताओं को दूर करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। पोषण संबंधी सप्लीमेंट्स वितरित करके और सही आहार की आदतों के बारे में जागरूकता फैलाकर, हम न केवल तत्काल जरूरतों को पूरा कर रहे हैं, बल्कि परिवारों को अपने बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में सूचित निर्णय लेने के लिए सक्षम बना रहे हैं। हम बच्चों और उनके परिवारों के साथ नियमित रूप से फॉलो-अप करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि उनके पोषण स्तर में लगातार सुधार हो सके।

कार्यक्रम में एनटीपीसी अस्पताल के स्वास्थ्य विशेषज्ञों, स्थानीय समुदाय के नेताओं और स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिन्होंने मिलकर कुपोषण से निपटने और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए समुदाय की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया। एनटीपीसी अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्ध है और अपने संयंत्रों के आसपास के समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रयासरत है।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 9713108088 8719000259

कोरिया फ्रंटलाइन

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं हमर स्वस्थ लईका समुदाय आधारित पोषण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं हमर स्वस्थ लईका समुदाय आधारित पोषण कार्यक्रम (सी मैम) के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर डी. राहुल वेंकट और महिला एवं बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल उपस्थित थे। इस कार्यशाला में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों और योजनाओं की गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं कलेक्टर ने सभी सुपरवाइजर और परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित रूप से बच्चों का वजन कराने के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए भी कहा। आगे उन्होंने पोषण ट्रेकर के माध्यम से बच्चों के पोषण स्तर की सही निगरानी रखने की बात कही। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके साथ ही जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों की लिस्ट भेजने के निर्देश दिये। वही महिला बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल ने जानकारी दी कि जिले में इस बार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत होने वाले विवाह का फॉर्म 01 दिसम्बर से 31 दिसंबर तक भरे जाने है इसके साथ ही आगे उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से इस बार लगभग 120 जोड़ो को का विवाह जनवरी या फरवरी में होना है, वही सभी आवेदनों को वेरिफाई करने के लिए सुपरवाइजर और परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने जिले में पालना केंद्र (क्रेच) को सही से खोलने के लिए निर्देश दिए, जिससे कामकाजी माताओं के बच्चों की देखभाल में अच्छे से सहूलियत मिल सके। इस बैठक में शुभम बंसल ने जिन आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी को इंफ्रा पोर्टल पर अपडेट नहीं हुआ है उसको अपडेट करने की निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक केंद्र की भौतिक और तकनीकी जानकारी समय पर पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि विभाग को हर केंद्र की वास्तविक स्थिति का सही अंदाजा हो सके और जरूरत के मुताबिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। आगे शुभम बंसल ने बताया कि जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में 5 नए बोरवेल खनन होना था वह नहीं हुआ है, उनकी सूची तैयार करने कहा है। उन्होंने संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। इस बैठक में शुभम बंसल ने कहा कि इस बार बाल विवाह रोकने हेतु सभी सुपरवाइजर और ग्राम पंचायत के सचिवों को बाल विकास परीक्षक अधिकारी बनाया जायेगा, वही पुलिस विभाग और तहसीलदार से सहयोग मांगने के लिए कहा, इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के लिए स्कूलों से सहयोग मांगने के लिए कहा, साथ ही (सी सैम) डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से पोषण अभियान और आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी करने और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल आधारित ऐप के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित डेटा एकत्र करने, ट्रैक करने और योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए है। साथ ही अति गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण ट्रेकर में अपडेड करने के लिए कहा उन्होंने आगे बताया कि एनआरसी के माध्यम से गंभीर कुपोषण से ग्रस्त बच्चों को चिकित्सा सहायता, उचित आहार और पोषण संबंधी परामर्श प्रदान करने लिए कहा। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के साथ-साथ उनकी माताओं को भी पोषण, स्वास्थ्य और देखभाल के बारे में जागरूक करने के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ ही जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बौनापन, दुर्बलता और कमवजन बच्चों का वजन और ऊंचाई को लेकर अपडेट करने के निर्देश दिए है। साथ ही टीएचआर को कोई लेने नहीं आ रहा है तो टीएचआर को उनके घर छोड़ने के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ ही महिला बाल विकास अधिकारी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी खाद्य मेन्यू को सही से देने को निर्देश दिए, साथ ही कुपोषण चौपाल को सही से करने, आधार अपडेट, मोबाइल नम्बर अपडेट, आंगनबाड़ी केंद्रों का हैंडओवर नहीं हुआ है जानकारी भेजने के लिए कहा, इसके साथ ही सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व्यवस्था, पोताई कार्य, सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत प्रति केन्द्र में 5 खाता खोलने के लिए सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिए। इसके साथ छत्तीसगढ़ महिला कोष से जितने स्व सहायता समूह ने ऋण लिया है, उसकी ऋण वसुली करने के निर्देश दिए और सभी परियोजना अधिकारियों को दिशा दर्शन योजना का लिस्ट भेजने के लिए निर्देशित किया। महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री मातृ योजना में आधार अपडेट करने के लिए भी निर्देश दिये। महिला एवं बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल ने आंगनबाड़ी केंद्रों की बेहतरी और उनकी सुचारु गतिविधियों को सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस बैठक में जिले के सभी सुपरवाइजर और परियोजना अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन, निजी क्षेत्र में 1262 पदों पर होगी भर्ती

छ.ग.फ्रंटलाइन

**एमसीबी।** जिला प्रशासन, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा 24 नवंबर 2024 रविवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, मनेन्द्रगढ़ में रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में निजी क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 1262 रिक्तियां प्राप्त हुई हैं। इस रोजगार मेले में अलग-अलग पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें सिक्योरिटी गार्ड, ओटी तकनीशियन, बीएससी नर्सिंग और जीएनएम, लैब तकनीशियन, एजेंट, डीएम, ऑटोमोबाइल सेल्स, सर्विस सुपरवाइजर,टू व्हीलर/इवी सेल्स सर्विस/सेल्स, हेल्पर, इलेट्रिशन, फिटर, ऑफिस असिस्टेंट, वेल्डर, पेंटर, लेबर, जनरल असिस्टेंट, वर्किंग पार्टनर, मार्केटिंग, एजेंट, सिक्योरिटी गार्ड, सर्वेयर और कंप्यूटर संचालक, अप्रेंटिस इडीओ-एल, इडीओ, कलेक्शन मैनेजर, सविंग मशीन, इलेट्रिशन, फिटर, वेल्डर, होम मैनेजमेंट, सोलर पीवी इंस्ट्रालर ,जैसे पद शामिल हैं।

मेसर्स बाम्बे इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के लिए 10वीं पास योग्यता मांगी गई है और वेतन 14,000 से 19,000 रुपये निर्धारित है। जिसमें मेसर्स मूंद्रा हॉस्पिटल मंगल चौक, बिलासपुर बीएससी नर्सिंग और जीएनएम के लिए न्यूनतम दो वर्ष के अनुभव के साथ 10,000 रुपये वेतन पर नियुक्ति करेगा। मेसर्स एसएच प्रोजेक्ट्स पिपरिया, मनेन्द्रगढ़ लैब तकनीशियन के लिए स्नातक (रसायन विषय से) योग्यता के साथ 10,000 रुपये वेतन पर नियुक्ति करेगा। एजेंट पद पर 10वीं पास अभ्यर्थी को कमीशन बेस पर काम का अवसर मिलेगा। मेसर्स एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, मनेन्द्रगढ़ स्नातक पास उम्मीदवारों को डीएम पद के लिए 2.5 लाख रुपये वार्षिक वेतन पर नियुक्त करेगा। वहीं, मेसर्स कोरिया ऑटो सेल्स पार्ट सेंटर, बैकुंठपुर ऑटोमोबाइल सेल्स और सर्विस सुपरवाइजर के लिए 12वीं और स्नातक पास उम्मीदवारों को अवसर देगा। हेल्पर पद के लिए अनपढ़ से 12वीं पास उम्मीदवारों को 15,500 रुपये वेतन मिलेगा। मेसर्स मोहिनी हेल्थ एंड हाइजिन लिमिटेड, पीथमपुर (मध्यप्रदेश) बिजली मिस्त्री और फिटर पदों पर आईटीआई पास उम्मीदवारों को 16,500 रुपये वेतन पर भर्ती करेगा। ऑफिस असिस्टेंट पद के लिए 12वीं पास/स्नातक उम्मीदवार को 17,500 रुपये वेतन दिया जाएगा। मेसर्स अमर एग्रो इंडस्ट्रीज, लालपुर मनेन्द्रगढ़ वेल्डर के लिए आईटीआई पास उम्मीदवार को 11,000 रुपये, पेंटर के लिए 5वीं पास को 9,000 रुपये, और लेबर के लिए 7,000 रुपये वेतन पर भर्ती करेगा। मेसर्स बिलासा भूमि बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, उसलापुर बिलासपुर जनरल असिस्टेंट के लिए 12वीं पास और कंप्यूटर पास उम्मीदवार को 12,000 रुपये वेतन पर नियुक्त करेगा। वर्किंग पार्टनर पद के लिए स्नातक/स्नातकोत्तर उम्मीदवार को 40त्न लाभ दिया जाएगा। मेसर्स अलर्ट प्लेसमेंट सर्विस, रायपुर सिक्योरिटी गार्ड, सर्वेयर और एजेंट पदों के लिए 8वीं पास से स्नातक तक के उम्मीदवारों को अवसर प्रदान करेगा। वेतन 11,000 से 13,000 रुपये तक रहेगा। मेसर्स सत्या माइक्रो केपिटल लिमिटेड वार्ड न.14 नियर बैंक ऑफ इंडिया बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़ 12वीं पास एवं ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य, वेतन 12500 से 30000 रूपये तक रहेगा। मेसर्स वेदांता स्किल स्कूल जिला कोरबा सविंग मशीन 10वीं पास/आईटीआई वेतन 13650/-, इलेट्रिशन 10वीं पास/आईटीआई वेतन 15700/-, फिटर 10वीं पास/आईटीआई वेतन 14500/-, वेल्डर 8वीं/आईटीआई वेतन 16200/-, होम मैंनेजमेंट 10वीं पास वेतन 13000/-, सोलर पीवी इंस्ट्रालर 12वीं पास/आईटीआई वेतन 15750/- रहेगा।

### आवेदन के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

इस रोजगार मेले में 8वीं पास से लेकर स्नातकोत्तर तक के योग्य अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। अलग-अलग पदों के लिए न्यूनतम और अधिकतम योग्यता निर्धारित है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने शैक्षणिक दस्तावेजों, बायोडाटा, और पहचान पत्र के साथ निर्धारित स्थल पर पहुंचना होगा।

## समर्थ आवासीय विद्यालय परिसर में मनाया गया नवगुरुकुल स्थापना दिवस

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर नवगुरुकुल ट्रेनिंग प्रोग्राम के छात्रों ने समर्थ दिव्यांग आवासीय विद्यालय के स्टूडेंट्स के साथ नवगुरुकुल स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। लाइवलीहुड कॉलेज और समर्थ के छात्रों ने आउटडोर स्पोर्ट के तहत विभिन्न प्रकार के खेलों में साथ मिलकर भाग लिया। इसके साथ ही यहां पर मनोरंजन से संबंधित नृत्य, संगीत और अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इसके उपरांत छात्रों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य श्री अमरनाथ धमगया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिले में धान खरीदी की हुई शुरुआत

## उपार्जन केंद्र में धान बेचने आए किसानों का पुष्प माला पहनाकर किया गया स्वागत

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देश अनुसार धान खरीदी महाअभियान की शुरूआत जशपुर जिले में भी हो चुकी है। जिले उपार्जन केंद्र भगोरा, तमता और चोंगरीबहार में धान बेचने आए किसानों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक कांटा की भी पूजा अर्चना कर धान की तौलाई शुरू की गई। जिले में अब तक 437.20 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। इनमें फरसाबहार विकासखंड के धान उपार्जन केंद्र भगोरा में 220 क्विंटल, चोंगरीबहार में 49.20 क्विंटल और पत्थलगांव विकासखंड के तमता धान खरीदी केंद्र में 168 क्विंटल धान खरीदी हुई है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 22 नवम्बर को फरसाबहार विकासखण्ड के भगोरा धान खरीदी केन्द्र में मुंडाडीह के किसान निरंजन साय ने 220 क्विंटल, पत्थलगांव विकासखंड के धान खरीदी केन्द्र तमता में किसान बनेसियुस खलखो ने 124 क्विंटल एवं किसान लोहरी ने 44 क्विंटल धान बेचा। इसी प्रकार विगत दिवस फरसाबहार विकासखंड के चोंगरीबहार के दो किसान परशुराम चक्रेश और बचन राम चौहान धान उपार्जन केंद्र धान विक्रय हेतु पहुंचे थे। किसान परशुराम चक्रेश से 23.20 क्विंटल और बचन राम चौहान से 26.00 क्विंटल धान कि खरीदी हुई है।

किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। पेयजल, शौचालय, छाया सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराया गया है। किसानों ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और संतुष्टि जताई। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य के किसानों से धान की खरीदी 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। धान खरीदी के लिए जिले में 46 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें जिले के 50 हजार 953 किसान अपना धान बेचेंगे। वर्ष 2023-24 की तुलना में इस वर्ष पंजीकृत किसानों की संख्या में 06 हजार 162 की वृद्धि हुई है एवं नवीन रूप से 10 हजार 350 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन हुआ है। इस वर्ष धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित की गई है। जिससे जिले के किसानों में धान खरीदी को लेकर खासा उत्साह का माहौल है। समितियों द्वारा सोमवार से शुक्रवार तक शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर धान खरीदी की जाएगी।

# 2024 रेलवे के गुप्त मतदान चुनाव में रेलवे कांग्रेस को समर्थन करने का फैसला

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)।** ट्रैकमैन एसोसिएशन के बिलासपुर के जोनल संयुक्त महामंत्री एवं ऐसोसिएशन के मिडिया विभाग के अध्यक्ष तेजतर्रार विद्वान ट्रैक मेंटेनर नेता शुभम उपाध्यक्ष एवं ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन के लोकप्रिय बिलासपुर मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह यादव द्वारा अगामी 2024 के रेलवे गुप्त मतदान चुनाव में मजदूर कांग्रेस का समर्थन करने का फैसला किया गया है। एसोसिएशन संयुक्त महामंत्री शुभम उपाध्यक्ष ने बताया कि रेलवे में गुप्त मतदान चुनाव 04, 05, व 06 दिसंबर को होने जा रहा है, जिसमें 06 रेल संगठन चुनाव लड़ रहे हैं। ट्रैकमैन एसोसिएशन विभागीय संगठन होने के कारण सीधा चुनाव नहीं लड़ सकता है, ऐसे में एलडीसी ओपन टू आल, ट्रैक मेंटेनर को 4200 जीपी दिलाना व पेट्रोलमेन की बीट की लम्बाई 16 से 12 किलोमीटर करना जैसे अन्य कई मुद्दे को रेलवे बोर्ड में बैठक में उठाने हैसियत रखने हेतु 17 रेल जोन में से 09 रेल जोन में गुप्त मतदान चुनाव जीतना जरूरी है। ट्रैक मेंटेनर के महत्वपूर्ण मुद्दों पर वर्तमान ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा एक दो जोन में चुनाव लडने वाली नौसिखिया पार्टी को अपनी कुर्सी व पदों के लालच में समर्थन देकर ट्रैक मेंटेनर के हितों को नजर अंदाज कर दिया है। इससे पहले भी शीर्ष नेतृत्व द्वारा अर्बन बैंक डायरेक्टर चुनाव में गलत निर्णय लेकर लाल झंडे के श्रमिक यूनियन को समर्थन देकर चुनाव हार चुकी, जबकि अगर मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के समर्थन देते तो आज ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन के तीन डायरेक्टर चुनाव जीत जाते। वर्तमान ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन शीर्ष नेतृत्व द्वारा बिना फेडरेशन वाले रेल संगठन को समर्थन देने के विरोध में बिलासपुर मंडल ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार यादव के साथ तीनों मंडल के लोकतांत्रिक विचारधारा के 300 सक्रिय सदस्यों व पदाधिकारी ने रेलवे बोर्ड में मान्यता की ताकत रखने वाली राष्ट्रीय पार्टी एनएफआईआर व साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर को अपना खुला समर्थन देकर मान्यता चुनाव जिताने का संकल्प लिया है। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि ट्रैक मेंटेनर के हर समस्याओं के निराकरण हेतु रेलवे बोर्ड स्तर की बैठक में शामिल होने ट्रैकमैन से ही जोनल, बोर्ड स्तर पर पदाधिकारी बनाया जाएगा। उक्त जानकारी रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के संयुक्त महामंत्री राजेश खोबरागड़े ने दी है।



# प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली तारा बाई की जिंदगी

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** पक्का घर हर गरीब परिवार का सपना होता है। यह सपना ऐसा है जो हर व्यक्ति के जीवन को स्थिरता और सुरक्षा का अहसास देता है। लेकिन इस सपने को पूरा करने के लिए वर्षों तक जी-तोड़ मेहनत करनी पड़ती है और एक-एक रुपये जोड़ना पड़ता है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने इस संघर्ष को आसान बना दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इस योजना के तहत समाज के वंचित और जरूरतमंद परिवारों को पक्का घर देने का संकल्प लिया गया है। इस योजना का लाभ जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के सरदारटोली की तारा बाई को भी मिला है। तारा बाई का जीवन संघर्षों से भरा हुआ है। उनके पति स्वर्गीय शंकर सिंह का वर्षों पहले ही निधन हो गया, जिससे परिवार की जिम्मेदारी पूरी तरह तारा बाई पर आ गई। उनकी चार बेटियां हैं, जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है। अकेले कमाना और परिवार का भरण-पोषण करना उनके लिए बेहद कठिन था। ऐसे में पक्के घर का सपना देखना भी उनके लिए असंभव जैसा था। तारा बाई का कहना है, हम खपरे वाले छोटे से घर में रहते थे, जो हर मौसम में परेशानी का कारण बनता था। बारिश के दिनों में घर टपकता और ठंड के दिनों में छत से आती ठंडी हवा हमें परेशान करती थी। ऐसे में कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मुझे पक्के घर में रहने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तारा बाई को हाल ही में आवास निर्माण की स्वीकृति मिली। पहली किस्त मिलते ही उन्होंने अपने सपनों के घर की नींव रख दी। इस समय उनका घर निर्माणाधीन है, और हर गुजरते दिन के साथ उनका सपना साकार होता जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का मैं दिल से धन्यवाद करती हूं। उनके प्रयासों की वजह से ही आज मैं पक्के घर में रहने का सपना पूरा होते देख रही हूं। मेरे जैसे कई गरीब परिवारों के लिए यह योजना वरदान है। प्रधानमंत्री आवास योजना न केवल पक्का घर उपलब्ध करवा रही है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित भी कर रही है। तारा बाई जैसे हजारों लोगों के जीवन में यह योजना नई रोशनी और उम्मीद लेकर आई है।

साकार हो रहा है पक्का घर का सपना



# राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता प्रबंधन संस्थान निफ्टेम कुंडली के टीम ने मनोरा और सन्ना क्षेत्र का किया भ्रमण

**जशपुरनगर।** जिले में खाद्य प्रसंस्करण के तहत् विभिन्न खाद्यान्नों, फलों और सब्जियों का उचित भंडारण, पैकेजिंग और गुणवत्तायुक्त बनाने के लिए सार्थक पहल किया जा है। साथ ही जिले के किसानों को अतिरिक्त फसलों में सेब, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, चाय उत्पादन सहित अन्य फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हरियाणा के सोनीपत के कुंडली स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता प्रबंधन संस्थान के ग्राम दत्तक ग्रहण कार्यक्रम की टीम ने जशपुर जिले के मनोरा और सन्ना विकासखण्ड में सेब, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी और चाय उत्पादन के स्थान शैला, करदाना, छिछली और कोपा गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता प्रबंधन संस्थान के टीम को राजेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, गोवर्धन होता, वैभव यादव और श्रीमती किरण भगेल, रीडस के अधिकारियों ने सहयोग किया। जो छोटे और सीमांत भूमि धारकों के बीच विभिन्न प्रकार के अत्यधिक लाभकारी फल फसलों की शुरूआत के माध्यम से समुदायों के उत्थान में शामिल एक गैर सरकारी संगठन है। जशपुर की मिट्टी, स्थलाकृति और जलवायु सेब, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, काजू, कटहल, अदरक, हल्दी, नीबू, चाय, महुआ के अलावा धान और मिलेट जैसी नियमित फसलों के उत्पादन के लिए उपयुक्त है। जिले में बड़ी मात्रा में खाद्यान्न फल और सब्जियाँ उपलब्ध हैं। खाद्य प्रसंस्करण खाद्यान्नों, फलों और सब्जियों को उचित भंडारण, पैकेजिंग और संरक्षण तकनीकों के माध्यम से शेल्फ लाइफ बढ़ाकर और उन्हें मूल्यवर्धित, सुरक्षित और अच्छी गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पादों जैसे तैयार खाद्य पदार्थ, स्नैक्स, ब्रेकफास्ट सीरियल्स, एनर्जी बार आदि में परिवर्तित करने का एक साधन है। निफ्टेम कुंडली की टीम व्हीएपी को जिला मिशन प्रबंधक श्री विजय शरण प्रसाद, श्री समर्थ जैन व्हीएपी टीम और स्थानीय समुदायों की आजीविका के उत्थान के लिए जिले के भविष्य के खाद्य प्रसंस्करण क्षमता मानचित्र को तैयार करने के लिए जिला प्रशासन, एनआरएलएम, विभिन्न एफपीओएस, गैर सरकारी संगठनों और कृषि संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री आज फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में होंगे शामिल

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 24 नवम्बर 24 को पत्थलगांव विकास खंड के बागबहार में दोपहर 2 बजे ओपन चौलेंज ट्रॉफी फूटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होंगे और फूटबॉल खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। उल्लेखनीय है कि बागबहार में हर वर्ष युवा क्रीड़ा क्लब एवं बागबहार के ग्रामवासियों द्वारा फूटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। बागबहार में 33 वर्ष से फूटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 23 अक्टूबर से 24 नवम्बर 24 तक मिनी स्टेडियम बागबहार आयोजित की गई है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा